दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 15 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-322 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

पूरा विपक्ष सीबीआई और ईडी की खिलाफत कर रहा है। इनकी कार्यवाही पर सवालिया निशान लगा रहा है और एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत को चरितार्थ कर के दिखा रहा है। इन जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली वाकई अजीबो गरीब है। कछुआ चाल से जांच करते है और मोटा माल भी बरामद नहीं कर पाते। नतीजतन भ्रष्टाचार के आरोपी इनकी खिल्ली उड़ाते है और यह कह कर इतराते है कि छापे में उनके ठिकानों से बाबा जी का ठुल्लू मिला है। सांप गुजर जाने के बाद लकीर पिटोगे तो हास्य का पात्र ही बनोगे।

//-- सुविचार --//

कभी भी किसी को भला बुरा कहने से पहले यह अवश्य सोच ले कि यदि वही शब्द कोई आपसे कहे तो आपको कैसा प्रतीत होगा।

जनसंख्या

विश्व : 8,021,841,585

भारत : 1,417,409,695

बाजार

सेंसेक्स : 57900.19

निफ्टी : 17043.30

गोल्ड : 58,130 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 68,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	37.1	22.6
बिलासपुर	36.2	21.4
जगदलपुर	34.7	19.5
अंबिकापुर	33.5	17.0

आज का दिवस

विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस

प्रत्येक वर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जाता है। वहीं हर साल उपभोक्ता के विभि?न्न हितों को ध्यान में रखते हुए 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस भी मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उभोक्ताओं या ग्राहकों को उनके हितों के लि?ए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उसके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। बाजार में होने वाली ग्राहक जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावटी सामग्री का वितरण, अधिक दाम वसूलना, बिना मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, नाप-तौप में अनियमितता, ग्यारंटी के बाद सर्विस प्रदान नहीं करने के अलावा ग्राहकों के प्रति होने वाले अपराधों को देखते हुए इस दिन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं।

वेतन विसंगति पर जवाब नहीं दे पाए शिक्षा मंत्री, आज भाजपा का विधानसभा घेराव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शिक्षकों की वेतन विसंगति के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए. इसे लेकर विपक्ष ने शिक्षा मंत्री को घेरा. पूर्व स्पीकर धरमलाल कौशिक ने यहां तक कह दिया कि मंत्री अक्षम हैं. विधानसभा स्पीकर डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि इस मुद्दे पर अलग से आधे घंटे की चर्चा करा लें. विपक्ष की सहमति के बाद अब तय हुआ है कि इस मुद्दे पर अलग से चर्चा की जाएगी.

विधायक शिवरतन शर्मा ने यह मुद्दा उठाया. उन्होंने पूछा कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति के लिए तीन साल में विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई? वेतन विसंगति दूर करने के लिए कब-कब कौन सी समिति का गठन किया गया था और उनका रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा क्या-क्या थी? मंत्री ने बताया कि विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की वेतन विसंगति के कारण वेतनमान में संशोधन करने के लिए प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में गठित समिति की बैठक 28 नवंबर 2022 को मंत्रालय में आयोजित की गई थी. बैठक में उल्लेखित मांगों के सबंध में संभावित विकल्प, विभिन्न विकल्पों का वित्तीय भार, अन्य प्रभार और अन्य राज्यों की तुलनात्मक स्थिति आदि बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है.

मंत्री ने बताया कि वेतन विसंगतियों के कारण वेतन में संशोधन प्रस्तावों का परीक्षण करने के लिए सचिव स्तरीय समिति का गठन किया गया है. इस समिति की समय सीमा नहीं है. शर्मा ने पूछा कि क्या समिति ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सहायक आयुक्त निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को चार साल से गायब दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को नियमित करने के मामले में आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सहायक आयुक्त को निलंबित करने की घोषणा की. विधायक अमितेश शुक्ल ने यह मामला उठाया था. प्रश्नकाल के दौरान अमितेश शुक्ल ने सवाल किया कि वर्ष 2021-22 से 2022-23 में 31 जनवरी की स्थिति में गरियाबंद जिले के आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालिक कार्यालय और छात्रावास आश्रम में कार्यरत कितने-कितने दैनिक वेतनभोगी कलेक्टर दर पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नियमित किया गया है? मंत्री ने बताया कि जिस अवधि का प्रश्न किया गया है, उसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया है. उक्त अवधि में जिला अंतर्गत विभागीय छात्रावास-आश्रमों में कार्यरत 90 दैनिक वेतनभोगी कलेक्टर दर कर्मचारियों को आकस्मिकता निधि स्थापना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमरजीत-शिवरतन में नोंकझोंक

चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष की ओर से टोकाटाकी होने लगी. मंत्री अमरजीत भगत खड़े हुए तो धरमलाल कौशिक ने कहा कि मंत्री अक्षम हैं. इस पर भगत ने कहा कि लगता है कि शर्मा अक्षम हैं, इसलिए आप खड़े हुए हैं. इसके बाद भगत ने कहा कि शर्मा ठीक ढंग से सवाल नहीं पूछ पा रहे हैं. इस पर शर्मा ने कहा कि आप मुझे सवाल करना ना सिखाएं. मैं पहले विधायक बना हूं. इस बीच नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि पहले भी आसंदी से आदेश किया गया है कि मंत्रीगण तैयारी से आएं. तैयारी से नहीं आने के कारण अनावश्यक रूप से सदन का समय जाया होता है. संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि मंत्री इतना अच्छा वक्तव्य दे रहे हैं. उनके जवाब को नहीं सुन रहे. शर्मा ने कहा कि समिति का बिंदू तो बता नहीं रहे हैं और आपको उत्तर अच्छा लग रहा है.

■ पूरे प्रदेश से पहुंचेंगे भाजपा कार्यकर्ता, 1 लाख कार्यकर्ताओं के शामिल होने का दावा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सियासत गर्म हो गई है। भाजपा-कांग्रेस एक-दूसरे पर झूठा होने का आरोप लगा रही है। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा झूठ बोल रही है। फ र्जी तरीके से हितग्राहियों के नाम पर फ ार्म भरवाए जा रहे हैं। दोनों ही दलों के अपने-अपने दावे हैं। इस बीच आज भाजपा विधानसभा का घेराव करेगी। इसमें पूरे प्रदेश से भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। पार्टी का दावा है कि इसमें 1 लाख आएंगे। छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में छत्तीसगढ़ की राजनीतिक पार्टियां अपने अपने जीत को लेकर मैदान पर उतर गए। सभी पार्टियों के लोग आम जनता के पास जाकर अपनी-अपनी पार्टी की सरकार बनने पर जनता की मांगे पूरी करने के वादे कर रहे हैं। इधर छत्तीसगढ़ के विपक्ष पर बैठे बीजेपी इन दिनों सत्तापक्ष पर बैठे कांग्रेस सरकार को घेरने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहती। बीजेपी एक बार फि र राजधानी रायपुर में बड़ा आंदोलन करने जा रही है। आज 15 मार्च को बीजेपी विधानसभा का घेराव करेगी। दरअसल बीजेपी मोर आवास मोर अधिकार को लेकर विधानसभा का घेराव करेगी। इस आंदोलन में बीजेपी के बड़े नेताओं समेत प्रदेश भर से एक लाख से ज्यादा लोग शामिल होने का दावा है। प्रदेश के सभी विधानसभा से दो हजार लोगों को इस आंदोलन में शामिल होने का टारगेट दिया गया है।

डेढ़ महीने तक चरणबद्ध कार्यक्रम चलाए

विगत डेढ़ महीनों से इस आंदोलन में विभिन्न चरणबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें इस योजना के हितग्राहियों को भी सम्मिलित किया गया। घेराव में हितग्राहियों को रायपुर भी लेकर जाएंगे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यह मांग करेंगे कि आवास योजना हमारे प्रदेश में लागू करें और गरीबों को वापस उनका हक दें। घेराव के पहले बीजेपी ने सभी संभाग में बड़ी बैठकें कर आंदोलन की रूपरेखा बनाई है।

विधायक धर्मजीत सिंह के सदन में छलके आंसू

मंगलवार को विधानसभा में सदन की कार्रवाई के दौरान विधायक धर्मजीत सिंह के आंसू छलक पड़े। सदन में उनके साथ बैठे सदस्य अजय चंद्राकर, बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा तथा शैलेश पांडेय, देवेंद्र यादव इत्यादि सदस्यों ने उन्हें सांत्वना देकर शांत कराया। सदन में कार्रवाई जारी थी तभी धर्मजीत सिंह ने भी अपनी बातें रखी। बजट पर अपनी बातें रखने के दौरान अपने स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा उनके स्वास्थ्य के बारे में पूर्व में कही गई बातों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह तो हाड़ मांस के बने हैं। ईश्वर ने उन्हें जब तक जिंदगी दी है वे जिएंगे। उन्होंने बताया कि उनकी ओपन हार्ट सर्जरी हुई है। मुंबई के एक हॉस्पिटल में यह सर्जरी हुई है। उनका ऑपरेशन सफल रहा है और वे पूरी तरह स्वस्थ हूं। व्यथित होते हुए उनके स्वास्थ्य पर जिन लोगों ने कमेंट किया था उन पर टिप्पणी की है का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे लोग तो लोहे के बने हुए हैं तो भी, वह उनके भी हमेशा स्वस्थ्य रहने की कामना करते हैं। उनकी बातें खत्म हुई तो वरिष्ठ सदस्य बृजमोहन अग्रवाल खड़े होकर कहा कि वरिष्ठ सदस्य धर्मजीत सिंह पर के स्वास्थ्य पर जिन लोगों ने भी टिप्पणी की है उन पर खेद व्यक्त करते हुए सभी की तरफसे वे उनसे क्षमा की प्रार्थना करते हैं तथा उनके स्वस्थ्य कुशल भविष्य की कामना करते हैं।

करदाता राष्ट्र निर्माण में सरकार के साझीदार : मुर्मू

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि देश के करदाता न केवल राजस्व के स्रोत हैं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में सरकार के साझीदार भी हैं। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा के 76वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (2020 और 2021 बैच) के सहायक कार्यकारी अभियंताओं से मुलाकात की। भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए ये राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार के लिये प्रत्यक्षों करों का संकलन करना बहुत

महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसके लिये अत्यंत दक्षता और पारदर्शिता की जरूरत होती है। सरकार इन करों को विकास परियोजनाओं में खर्च करती है और नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करती है। सरकार के लिये संसाधन जमा करने में राजस्व अधिकारियों की अहम भूमिका होती है और इस तरह वह आधार तैयार होता है, जिस पर शासन के अन्य ढांचों का निर्माण होता है। राष्ट्रपति ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सलाह देते हुए कहा, करदाता न केवल राजस्व के स्रोत हैं, बल्कि वे राष्ट्र-निर्माण में हमारे साझीदार भी हैं। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे ऐसा माहौल तैयार करें, जो कर संकलन तथा करदाताओं, दोनों के लिये सहायक व मित्रवत हो। सहायक कार्यकारी अभियंताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सीपीडब्लूडी सार्वजनिक इमारतों, सरकारी कार्यालयों और आवास के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला, 9 अफसरों पर गिरी गाज

चंडीगढ़। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा में बड़ी चूक हुई थी. उस मामले में अब 9 पुलिस अफसरों पर गाज गिरी है. विस्तृत जांच के बाद ये फैसला लिया गया है. असल में पिछले साल जब पीएम मोदी पंजाब चुनाव के दौरान प्रचार के लिए गए थे, तब किसानों ने उनके काफिले को बीच सड़क पर रोक दिया था. उसे पीएम की सुरक्षा में बड़ी चूक माना गया था. 20 मिनट के करीब प्रधानमंत्री का काफि ला फ ंसा रहा था. तब की चन्नी सरकार ने दावा किया था कि ऐन वक्त पर पीएम का रूट बदल

दिया गया था, वहीं बीजेपी ने कांग्रेस पर ही गंभीर आरोप लगा दिए थे. अब उसी मामले में 9 पुलिस अधिकारियों पर गाज गिरी है. बताया जा रहा है कि उस समय के चीफ सेकरेट्री अनिरुद्ध तिवारी, पंजाब डीजीपी एस चट्टोपाध्याय, एसएसपी हरमनदीप सिंह, तब के डिप्टी आईजी सुरजीत सिंह को दोषी पाया गया है. बड़ी बात ये है कि पीएम की सुरक्षा में हुई चूक के मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा 5 सदस्यों की एक कमेटी गठित की गई थी जिसकी अगुवाई रिटायर्ड जस्टिस इंदु मल्होत्रा ने की थी. छह महीने पहले जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश की थी जिसमें राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी, पुलिस प्रमुख एस चट्टोपाध्याय और अन्य शीर्ष अधिकारियों को चूक के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था. इसके बाद, इस हफ्ते की शुरुआत में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने पंजाब के मुख्य सचिव विजय कुमार जंजुआ से कार्रवाई की रिपोर्ट जमा करने को कहा था. इसमें राज्य सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पांच माह के निचले स्तर पर लुढ़का शेयर बाजार, निवेशकों के 6.5 लाख करोड़ डूबे

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। मंगलवार के कारोबारी सेशन के बाद सेंसेक्स 337.66 अंकों की गिरावट के साथ 57,900.19 अंकों के लेवल पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 111 अंकों की गिरावट के साथ 17,043 अंकों पर कारोबार करते हुए बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स में 0.58 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी में 0.65 प्रतिशत की गिरावट आई। मंगलवार को बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं महिंद्र एंड

महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के आंकड़ों के अनुसार सेंसेक्स पांच महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) संकट से बाजार के प्रभावित होने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हंगामे के बाद लोकसभा स्थगित

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा में भारतीय लोकतंत्र को अपमानित करने और हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। एक बार स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई विपक्षी सदस्य नारे लगाते हाथों में तख्तियां लेकर आसन के सामने आकर हंगामा करने लगे। इसके जवाब में सत्ता पक्ष की तरफ से भी नारेबाजी होने लगी। पीठासीन अधिकारी डॉक्टर किरीट प्रेमभाई सोलंकी ने हंगामे के बीच ही ज़रूरी कागज़ात सदन के पटल पर रखवाए। श्री सोलंकी में सदस्यों को अपने-अपने स्थान पर जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस तरह तख्तियाँ लेकर सदन में आना शोभा नहीं देता है। पीठासीन अधिकारी के आग्रह के बावजूद हंगामा नहीं रुका तब उन्होंने सदन को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुबह 11 बजे जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया विपक्षी सदस्य नारे लगाते हुए और हाथों पर तख्तियां लेकर आसन के सामने आकर हंगामा करने लगे। जवाब में सत्ता पक्ष की तरफसे भी नारेबाजी होने लगी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की तरफसे सदन में नारेबाजी के साथ सदन में हंगामा होने लगा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नहीं बच पाया 5 साल का मासूम, बोरवेल में 12 घंटे तक लड़ता रहा मौत से जंग

पुणे। के अहमदनगर जिले के एक गांव में पांच साल का बच्चा सागर सोमवार शाम करीब 4 बजे के आसपास एक बोरवेल में गिर गया. उसको निकालने के लिए लगातार प्रयास किए गए. लेकिन उसको सुरक्षित नहीं निकाला जा सका. मंगलवार तड़के 4 बजे राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने बच्चे की बॉडी को बाहर निकाला है. पुलिस के मुताबिक गन्ना मजदूर का बेटा खेलते समय बोरवेल में गिर गया होगा. अधिकारियों की मानें तो स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के कर्मियों के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम पुणे शहर से लगभग 125 किलोमीटर दूर कर्जत तहसील अंतर्गत कोपर्डी गांव में बोरवेल से बच्चे को निकालने के लिए लगातार अभियान चला रही थी. एनडीआरएफ के अधिकारियों के मुताबिक, बच्चा शाम करीब चार बजे बोरवेल में गिरा. उन्होंने कहा कि लड़का 15 फुट की गहराई में फंसा हुआ था. उसको सुरक्षित निकालने के लिए बचाव अभियान जारी रखा गया. घटनास्थल पर एक एंबुलेंस व अन्य चिकित्सा सहायता तैयार रखी गई. लेकिन उसको बोरवेल से सकुशल नहीं निकाला जा सका. इस बीच देखा जाए तो महाराष्ट्र के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

चर्चा — लंबे समय से कांग्रेस संगठन में बदलाव की चर्चा, सीएम ने दिए थे संकेत, प्रभारी ने नकारा

सीएम से खींचतान के बीच पीसीसी चीफ ने अपनी ही सरकार को घेरा, बदलाव की सुगबुगाहट!

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में डेढ़ दशक बाद 2018 में कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई तो तात्कालीन प्रदेशाध्यक्ष भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बनाए गए। उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश की जा रही थी। उस वक्त प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में अमरजीत भगत, मोहन मरकाम और दिवंगत विधायक मनोज मंडावी के नामों की चर्चा जोरों पर थी। इन तीन दावेदारों में से अमरजीत भगत को जहां भूपेश मंत्रिमंडल में जगह देने की तैयारी थी, जिस पर वे इससे बाहर हो गए। इसके बाद इस दौड़ में विधायक मोहन मरकाम व दिवंगत विधायक मनोज मंडावी ही रह गए थे। इन दोनों नेताओं से तात्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने चर्चा की और इसमें मोहन मरकाम बाजी मार गए और फिर 28 जून 2019 को कांग्रेस आलाकमान ने मरकाम को छत्तीसगढ़ का नया प्रदेश प्रभारी नियुक्त कर दिया। तब से लेकर मरकाम अब तक इस पद पर बने हुए हैं।

अब प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के 3 साल का कार्यकाल भी पूरा हो चुका है। ऐसे में चर्चाएं हैं कि नए प्रदेश अध्यक्ष की भी नियुक्ति जल्द हो सकती है। छत्तीसगढ़ में हाल ही में पीएल पुनिया की जगह कुमारी शैलजा को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। वहीं बीते कुछ महीनों से सीएम भूपेश बघेल और पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के बीच खींचतान की भी खबरें आती रही है। हालांकि दोनों नेता हमेशा पार्टी को परिवार बताते हुए किसी भी तरह की गुटबाजी या नाराजगी से इनकार करते रहे हैं। लेकिन गुटबाजी बीते महीने छत्तीसगढ़ में हुए कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में भी खुलकर सामने आ गई। जब पार्टी ने अधिवेशन की स्वागत समिति में मरकाम को अध्यक्ष और सीएम भूपेश को सह अध्यक्ष बनाया। इसके अलावा पोस्टर वार भी देखने को मिला। जब कई बैनर पोस्टर में मोहन मरकाम का चेहरा ही गायब कर दिया। पार्टी ने सीएम के करीबी माने जाने वाले रायपुर महापौर एजाज ढेबर को इस मामले में चेतावनी भी जारी की और बैनर-पोस्टर उतरवाने के निर्देश भी दिए। संगठन व सरकार के बीच कई मौके पर खींचतान साफ-साफ नजर आया। चार दिन पहले ही सीएम भूपेश बघेल दिल्ली दौरे पर पहुंचे थे। वे वहां पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले। दिल्ली से लौटते ही रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश प्रभारी का बयान मरकाम के लिए मरहम

अडानी मसले पर सोमवार को कांग्रेस ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर में भी केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस सड़क पर उतरी। इसमें छग प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा भी रायपुर पहुंची थी। मीडिया से चर्चा करते हुए संगठन में बदलाव को लेकर साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता व संगठन के बीच बेहतर तालमेल है। ऐसे में किसी भी तरह की परिवर्तन की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल सूबे में विस चुनाव होना है। भूपेश सरकार ने जिन मापदंडों को तय कर प्रदेश के लोगों के हित में काम किया है। संगठन उन्हीं योजनाओं को लेकर काम कर रही है। संगठन इसे ही आधार बनाकर आगे बढ़ेगी। प्रदेश प्रभारी के इस तरह के बयान मोहन मरकाम के जख्मों पर मरहम लगाने का काम करेगी।

संपादकीय

उद्धव ठाकरे को एक और झटका

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक के बाद एक झटके लग रहे है। अब उनके विश्वस्त सहयोगी सुभाष देसाई के पुत्र भूषण देसाई ने उनका साथ छोड़ दिया है और वे एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए है। गौरतलब है कि सुभाष देसाई बाल ठाकरे के साथ काम कर चुके है और ठाकरे परिवार के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहे है लेकिन उनके बेटे भूषण देसाई ने अब ठाकरे परिवार को टाटा बायबाय कर दिया है जो उद्धव ठाकरे के लिए एक बड़ा झटका है। बताया जाता है कि उद्धव ठाकरे के साथ जो गिनती के विधायक और सांसद रह गए है वे भी पाला बदलने की फिराक में है। ये सभी नेता सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का इंतजार कर रहे है जो एकनाथ शिंदे के पक्ष में जाने की ही ज्यादा संभावना है। यदि ऐसा हुआ तो उद्धव ठाकरे के साथ शायद ही कोई विधायक या सांसद रह पाएगा। इस बीच एकनाथ शिंदे में शिवसेना की ओर से राज्यसभा सदस्य बने संजय राउत, प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई की राज्यसभा सदस्यता खत्म कराने की कवायद भी शुरू कर दी है। ये तीनों ही राज्यसभा सदस्य लगातार एकनाथ शिंदे की आलोचना करते रहे है और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे है। अब जबकि चुनाव अयोग ने एकनाथ शिंदे गुट को शिवेसना का नाम और चुनाव चिन्ह प्रदान कर दिया है तो इन तीनों राज्यसभा सदस्यों का शिवसेना और एकनाथ शिंदे पर निशाना साधना उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के अंतर्गत आता है और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है। आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले भूषण देसाई के शिंदे गुट में जाने को अहम कदम माना जा रहा है. भूषण देसाई मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिंदे खेमे में शामिल हुए. भूषण का अपने दल में स्वागत करते हुए सीएम शिंदे ने ट्वीट किया कि वरिष्ठ नेता सुभाष देसाई के पुत्र भूषण सुभाष देसाई आधिकारिक रूप से शिवसेना पार्टी में शामिल हो गए। भूषण देसाई के पिता सुभाष देसाई ने महाराष्ट्र में महा विकास अघाडी (एमवीए) शासन के दौरान उद्योग और खनन मंत्री के रूप में कार्य किया था. सुभाष देसाई को ठाकरे परिवार का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है. हाल ही में उद्धव ठाकरे को उस वक्त बड़ा झटका लगा था जब चुनाव आयोग ने शिवसेना का नाम और सिंबल एकनाथ शिंदे के गुट को देते हुए उन्हें असली शिवसेना माना था. उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग के फैसले का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी. सुप्रीम कोर्ट ने 22 फरवरी को मामले की सुनवाई करते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना मानने और पार्टी का नाम और सिंबल आवंटित करने के चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. कोर्ट ने ठाकरे गुट को अगले आदेश तक शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नाम और 'जलती मशाल' के चुनाव चिह्न को रखने की अनुमति दी थी। भूषण देसाई के एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने पर ठाकरे गुट के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि सुभाष देसाई के बेटे भूषण देसाई हमारे गुट के सक्रिय सदस्य नहीं हैं, लेकिन उनके पिता सुभाष देसाई कई सालों से हमारे साथ हैं।

डॉ नीलम महेंद्र

बाज़ारवाद के इस दौर में क्या ग्राहक वाकई राजा है?

> अपने लक्ज़री उत्पादों को बेचने के लिए किसी समाज को विलासिता की ओर आकर्षित करना बाज़ारवाद की स्ट्रेटेजी का हिस्सा होता है। कोई आश्चर्य नहीं आज इस तरह के वाक्य बहुत प्रचलन में हैं कि हाँ मैं परफेक्ट नहीं हूँ या मैं जैसी हूँ या जैसा हूँ मुझे वैसे ही स्वीकार करो÷। आज की पीढ़ी तो इन वाक्यों के प्रति आकर्षित भी होती हैं और सहमत भी। लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि जो बाज़ारवाद अपने भौतिक सुखों को देने वाली वस्तुओं को खरीदने के लिए हमें ये दिल मांगे मोर या डर के आगे जीत है जैसे संघर्षशील बनने का जज्बा देता है, वो ही बाज़रवाद जब बात हमारे व्यक्तित्व के विकास की आती है, हमारे नैतिक उत्थान की आती है, हमारे भीतर पारिवारिक या सामाजिक मूल्यों के विकास की आती है तो जो मैं जैसा हूँ या जैसी हूँ वैसा ही स्वीकार करो या फिर मैं एक साधारण मनुष्य हूँ भगवान नहीं÷ जैसे विचार परोस देता है। वो बाज़ारवाद जब बच्चों और माँ से सम्बंधित कोई उत्पाद बेचता है तो अपने विज्ञापन में महिला को एक परफेक्ट मॉम से लेकर सुपर मॉम तक के रूप में दर्शाता है लेकिन वही बाज़ारवाद जब अपना कोई विलासितापूर्ण उत्पाद बेचता है।

आज हम जिस दौर में जी रहे हैं वो है बाज़ारवाद और उपभोक्तावाद का दौर। अब पहला प्रश्न यह कि इसका क्या मतलब हुआ? परिभाषा के हिसाब से यदि इसका अर्थ किया जाए तो वो ये होगा कि आज उपभोक्ता (यानी किसी भी वस्तु का उपयोग करने वाला) ही राजा है। खास बात यह है कि बाज़ारवाद के इस दौर में उपभोगता की जरूरत से आगे बढ़कर उसके आराम को केंद्र में रखकर ही वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा है। मोबाइल है तो यूजर फ्रेंड्ली। कोई ऐप है तो उसका इस्तेमाल करने वाले की उम्र यानी बच्चे, युवा, अथवा वयस्क के मानसिक विकास,उसकी जरूरतों और क्षमताओं को ध्यान में रखकर उसे कस्टमर फ्रेंड्ली बनाया जा रहा है। अगर रोबोट है तो ह्यूमन फ्रेंड्ली। और पूंजीवाद के इस युग में तो मनुष्य के उपभोग के लिए समान बनाने वाली विभिन्न कंपनियां उसे अपनी ओर आकर्षित करने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। यहाँ यह कहने की आवश्यकता नहीं कि इसके लिए (ग्राहक को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए) ये कंपनियां मार्केटिंग और पब्लिसिटी का इस हद तक सहारा ले रही हैं कि आज एडवरटाइजिंग अपने आप में एक तेजी से बढ़ता हुआ उद्योग बन चुका है।

अब दूसरा प्रश्न यह है कि इसके क्या मायने हैं? नहीं वो नहीं है जो आप सोच रहे हैं कि पूंजीवाद के इस दौर में आप यानी ग्राहक एक राजा है। ये तो हमें एक ग्राहक के रूप में एहसास कराया जा रहा है लेकिन सत्य इसका उलट है। सत्य तो यह है कि उपभोगतावाद के इस दौर में हम बाज़रवाद के गुलाम बनकर रह गए हैं। क्यों चौंक क्यों गए न ? चलिए जरा खुल कर बात करते हैं, इसे एक साधारण से उदाहरण से समझते हैं। सच बताइए जब हमारा बच्चा घर की रोटी या दाल चावल या सब्जी के बजाए मैग्गी की जिद करता है और हम यह जानते हुए कि हमारे बच्चे की सेहत के लिए मैगी ठीक नहीं है फिर भी हम मैगी खरीदते ही नहीं हैं बल्कि उसे खाने भी देते हैं तो क्या हम अपने मर्जी के राजा बनकर खरीदते हैं? नहीं नहीं ऊपरी तौर पर नहीं बल्कि जरा गहराई और ईमानदारी से विषय पर सोचिए। अगर आप सोच रहे हैं कि आप अपने बच्चे की जिद के आगे नतमस्तक हो रहे हैं तो माफ कीजिएगा आप गलत हैं। उस कंपनी ने आपके बच्चे को माध्यम बनाकर आपको अपना उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर कर दिया। यह तो एक उदाहरण है। सोचेंगे तो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में ऐसे कितने ही उदाहरण हमें मिल जाएंगे। लेकिन बात सिर्फ इतनी सी नहीं है कि उपभोक्तावाद के इस दौर में हमारी खाने पीने की आदतें प्रभावित हो रही हैं। बात इससे काफी आगे बढ़ चुकी है। क्योंकि बात अब एक व्यक्ति के तौर पर, एक परिवार के तौर, पर एक समाज के तौर पर हमारे मूल्यों हमारी नैतिकता हमारे व्यक्तित्व हमारे आदर्शों के कभी ÷कूल÷ बनने के नाम पर तो कभी ÷चिल आउट÷ के नाम, पर कभी ÷अपने लिए जीने÷ के नाम पर तो कभी ÷हाँ मैं परफेक्ट नहीं हूँ÷ के नाम पर हमारे विचारों के प्रभावित होने तक पहुंच गई है। परिणामस्वरूप सदियों से चली आ रही हमारी पारिवारिक और सामाजिक संरचना के मूल विचार भी प्रभावित होने लगे हैं। क्योंकि बाज़ारवाद के इस दौर में हम एक उपभोक्ता के रूप में उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के लिए पैसा कमाने का एक साधन मात्र हैं। एक बच्चे के रूप में, एक युवा के रूप में, एक पुरुष के रूप में एक महिला के रूप में एक बुजुर्ग के रूप में हम उनके लिए एक टारगेट कस्टमर से अधिक कुछ नहीं हैं। अपने लक्ज़री उत्पादों को बेचने के लिए किसी समाज को विलासिता की ओर आकर्षित करना बाज़ारवाद की स्ट्रेटेजी का हिस्सा होता है। कोई आश्चर्य नहीं आज इस तरह के वाक्य बहुत प्रचलन में हैं कि ÷ हाँ मैं परफेक्ट नहीं हूँ÷ या ÷मैं जैसी हूँ या जैसा हूँ मुझे वैसे ही स्वीकार करो÷। आज की पीढ़ी तो इन वाक्यों के प्रति आकर्षित भी होती हैं और सहमत भी। लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि जो बाज़ारवाद अपने भौतिक सुखों को देने वाली वस्तुओं को खरीदने के लिए हमें ÷ये दिल मांगे मोर÷ या ÷डर के आगे जीत है÷ जैसे संघर्षशील बनने का जज्बा देता है, वो ही बाज़रवाद जब बात हमारे व्यक्तित्व के विकास की आती है, हमारे नैतिक उत्थान की आती है, हमारे भीतर पारिवारिक या सामाजिक मूल्यों के विकास की आती है तो जो ÷मैं जैसा हूँ या जैसी हूँ वैसा ही स्वीकार करो÷ या फिर ÷मैं एक साधारण मनुष्य हूँ भगवान नहीं÷ जैसे विचार परोस देता है। वो बाज़ारवाद जब बच्चों और माँ से सम्बंधित कोई उत्पाद बेचता है तो अपने विज्ञापन में महिला को एक ÷परफेक्ट मॉम÷ से लेकर ÷सुपर मॉम÷ तक के रूप में दर्शाता है लेकिन वही बाज़ारवाद जब अपना कोई विलासितापूर्ण उत्पाद बेचता है तो महिला के लिए ÷हाँ मैं परफेक्ट नहीं हूँ÷ या फिर ÷इट्स ओके नॉट टू बी परफेक्ट÷ का विचार देता है। अब आप कहेंगे कि इन वाक्यों में क्या दिक्कत है। इन वाक्यों में दिक्कत ये है कि ये वाक्य अधूरे हैं और अधूरे वाक्यों के रिक्त स्थान को हर कोई अपने हिसाब से भरने के लिए स्वतंत्र है। वैसे भी कहते हैं कि ज्ञान के न होने से इतना नुकसान नहीं होता जितना कि अधूरे ज्ञान होने से होता है। इन वाक्यों के साथ भी यही हो रहा है। सम्पूर्ण विश्व में आप किसी भी देश या संस्कृति में देखें तो हम पाएंगे कि एक मानव के रूप में जन्म लेने वाला हर व्यक्ति निरंतर अपने उत्थान अपनी तरक्की की सोचता है। वो अपनी पूरी जीवन यात्रा में रोज कुछ नया सीखता है और आगे बढ़ता है। सोशल स्टेटस की बात हो या भौतिक सुखों की, मनुष्य आगे बढ़ना चाहता है। घर बड़ा चाहिए गाड़ी बड़ी चाहिए बैंक बैलेंस बड़ा चाहिए लेकिन जब व्यक्तित्व के विकास की बात आए नैतिक मूल्यों के विकास की बात आए तो इट्स ओके नॉट तो बी परफेक्ट! बात जब व्यक्तिगत या पारिवारिक या फिर सामाजिक मूल्यों की आए तो मैं भगवान नहीं इंसान हूँ! जब इस प्रकार के अधूरे वाक्य समाज के आगे परोस दिए जाते हैं तो इन वाक्यों के रिक्त स्थान मनुष्य को, परिवार को और समाज को उनके मूल्यों से रिक्त कर देते हैं। फलस्वरूप उपभोक्तावाद की संस्कृति का मूल्य हम कुछ ऐसे चुकाते हैं कि हमारे नैतिक और सामाजिक मूल्य बाज़रवाद के आगे नतमस्तक हो जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम इन वाक्यों के रिक्त स्थान को सही शब्दों और सही विचारों से भरे। हम कहें कि ÷हां मैं परफेक्ट नहीं हूँ लेकिन मैं परफेक्ट बनने की कोशिश तो कर ही सकता हूँ।÷ हम सोचें कि हाँ, इट्स ओके नॉट टू बी परफेक्ट ÷बट इट्स नॉट ओके नॉट इवन ट्राय टू बिकम परफेक्ट।

आज का पंचांग (बुधवार 15 मार्च)

सूर्योदयः 06:34, सूर्यास्तः 06:23
चन्द्रोदयः 25:14, चन्द्रास्तः 10:27

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः बसंत, शक सम्वतः 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वतः 2079 (नल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि :अष्टमी, नक्षत्र : ज्येष्ठा/मूल, योग वज्र : (15:14 से सिद्धि), प्रथम करण : विष्टि (08:58 तक), द्वितीय करण : बव (20:22 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र :वृश्चिक, मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:02 से 12:50, अमृत काल 23:00 से 24:33, रवियोग 06:29 से 08:13, विजय मुहूर्त 14:26 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त 18:22 से 18:46, सायाह्न सन्ध्या 18:24 से 19:36, निशिता मुहूर्त 24:02 से 24:50, राहुकाल 12:00 से 13:30, राहुवास पश्चिम, यमगण्ड 09:27 से 10:57, होमाहुति गुरु, दिशाशूल - उत्तर, नक्षत्र शूल पूर्व - 08:13 से, अग्निवास पाताल - 20:22 से पृथ्वी, भद्रावास स्वर्ग - 08:58 तक, चन्द्रवास उत्तर, शिववास श्मशान में - 20:22 से गौरी के साथ

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - रोग 2 - उद्वेग, 3 - चर 4 - लाभ, 5 - अमृत 6 - काल, 7 - शुभ 8 - रोग

॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - काल 2 - लाभ, 3 - उद्वेग 4 - शुभ, 5 - अमृत 6 - चर, 7 - रोग 8 - काल

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः उत्तर-पश्चिम (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें)

शील रंग सप्तमी, शीतला सप्तमी, संक्रांति सूर्य मीन में 30:33 से (पुण्य काल सूर्योदय से दिन 12:48 तक) आदि।

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम ज्येष्ठा /मूल नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (नो, या, यी, यू, यो, भा ,भी) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:08 से 06:34, मीन - 06:34 से 07:58, मेष - 07:58 से 09:32, वृषभ - 09:32 से 11:26, मिथुन - 11:26 से 13:41, कर्क - 13:41 से 16:03, सिंह - 16:03 से 18:22, कन्या - 18:22 से 20:40, तुला - 20:40 से 23:01, वृश्चिक - 23:01 से 25:20, धनु - 25:20 से 27:23, मकर - 27:23 से 29:05

पञ्चक रहित मुहूर्त

रोग पञ्चक - 06:29 से 06:34, शुभ मुहूर्त - 06:34 से 07:58, शुभ मुहूर्त - 07:58 से 08:13, रोग पञ्चक - 08:13 से 09:32, शुभ मुहूर्त - 09:32 से 11:26, मृत्यु पञ्चक - 11:26 से 13:41, अग्नि पञ्चक - 13:41 से 16:03, शुभ मुहूर्त - 16:03 से 18:22, रज पञ्चक - 18:22 से 20:22, शुभ मुहूर्त - 20:22 से 20:40, चोर पञ्चक - 20:40 से 23:01, शुभ मुहूर्त - 23:01 से 25:20, रोग पञ्चक - 25:20 से 27:23, शुभ मुहूर्त - 27:23 से 29:05, मृत्यु पञ्चक - 29:05 से 30:27

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आप सावधानी से बिताये स्वयं अथवा किसी अन्य के कारण परेशानी में पड़ सकते है।

वृष : आज के दिन आप घर अथवा कार्य क्षेत्र पर जिस भी कार्य को करेंगे उसमे अवश्य ही सफल होंगे।

मिथुन : आज के दिन आप घरेलू आवश्यकता की पूर्ति के लिये खरीददारी पर खर्च करेंगे व्यवसायी वर्ग व्यवसाय में अकस्मात बढ़ोतरी होने से ज्यादा व्यस्त रहेंगे धन लाभ भी आशाजनक रहेगा।

कर्क: आज दिन का आरंभ बेहत ढीला रहेगा आज आप घरेलू कार्यो में उलझ कर रह जाएंगे मन मे बहुत दिनों से चल रही इच्छा पूर्ति के लिये जोड़-तोड़ बैठाएंगे।

सिंह : आज का दिन आपके लिए अशान्त रहेगा। दिन के आरंभ में किसी से झगड़ा होने की संभावना है आज आपका स्वभाव तीखा रहेगा।

कन्या : आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध से ही धन संबंधित कार्यो की जोड़ तोड़ में लग जाएंगे लेकिन सफलता मध्यान के बाद ही मिलेगी।

तुला : आज के दिन आप अपने दैनिक कार्यो से संतोष में रहेंगे। आय भी सोच के अनुसार रहेगी लेकिन आज हर जगह आलस्य प्रमाद फैलाएंगे।

वृश्चिक : आज आपका स्वभाव का चंचल रहेगा किसी भी निर्णय पर ज्यादा देर नही टिकेंगे इस वजह से घर मे आपकी उपेक्षा होगी।

धनु : आज का दिन विपरीत फलदायी रहेगा आज आप दिनचार्य से असंतुष्ट रहेंगे। बचते बचते भी कुछ ना कुछ हानि अवश्य होगी।

मकर : आज का दिन आपको सभी क्षेत्र से मान-सम्मान दिलाएगा। आपके विचार अन्य लोगो को शीघ्र ही प्रभावित करेंगे कार्य व्यवसाय भी आज आपके व्यक्तित्व के बल पर उन्नति करेगा।

कुंभ : आज का दिन आपके लिये बेचैनी भरा रहेगा दाम्पत्य जीवन मे खरा ना उतर पाने की ग्लानि मन मे दिनभर रहेगी।

मीन : आज के दिन आपकी धार्मिक भावनाये प्रबल रहेंगी दिन के आरम्भ में पूजा पाठ में व्यस्त रहेंगे ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मौसम किसी का

मौसम किसी का है मोहताज कब रहा। कल तक था जो अपना आज कब रहा। दर्द अपने दिल का सीने में था बरसों से। वो दर्द यूँ खुल के है अब राज कब रहा औरों की तरह तो तबियत नहीं अपनी। कहने सा भला मेरा, मिज़ाज कब रहा।। बोझ गम का सर पे कमर झुकी झुकी। करूं बयान कमल, कहने को क्या कब रहा। **- कमलकांत डोंगरे**

बर्फ के पांव होते

बर्फ़ के पांव होते हैं बर्फ़ अपने हिसाब से जीती हैं दिन रात को वो जानती हैं कि: कब जुड़ना है, कब बिखरना है, बर्फ़ को पता होता है कैसे टूटना है, सिमटना है बर्फ़ के पांव होते हैं अपने हिसाब से पगडंडी पर छाप छोड़ते हुए, जीती है बरसों।

- अनुभूति अनू

खास पाती

जो हरी थी कल झडी सब

जो हरी थी कल झडी सब डाल से, खुल रही कोंपल नयी हैं डाल पर। पूस के घर माघ के पड़ते चरण शीत ओढ़ी उड़ गई ठहरी हवाँ , प्यास पाली आँख की चाहत हुई- है ,सुसुम अनुराग से पूरी यहां। देह में भर गंध आई है सुबह खिलखिलाती है कमलिनी ताल पर। क्या आवारपन गवारा हो गया ? है गुलों के गाँव में प्रतिरोध कम ! आ रहे प्रीत-पनघट सेते पुलिन भर अलि की साँसों में, हो बेरहम ! पाँखुड़ी पर चोट के है चिह्न यों, बिंदुली गिर कर थमी हो गाल पर। **- पंकज कुमार बसंत**

अमिट स्याही से लिखे कुछ रिश्ते

अमिट स्याही से लिखे कुछ रिश्ते चाह कर न टूटे ऐसे बन्धन कभी कभी तरस जाती हूँ इसमें प्रेम को पंख फड़फड़ाती हूँ बन्धनों से आजाद होने की कोशिश करती हूँ कुछ अनचाहे रिश्तों से उड़ कर नहीं जा पाती मन के रोशनदान तकफिर कोई नया स्वप्न दिखाकर मुझे निचोड़ देते है मेरे अन्तर्मन को फिर से लग जाती हूँ प्रेम की स्याही से लिखने रिश्तों में नये अध्याय पता है फिर फाड़ दिया जायेगा इन प्रेम भरे पन्नों को विश्वासघात से । कोशिशें जारी रहेगी नये पंखों के साथ रिश्तों में नई उडा़नों के लिये। **- अल्पना हर्ष**

एक दिन विलीन हो जाएगा समन्दर

एक दिन विलीन हो जाएगा समन्दर भी नदियों की तरह, स्त्रियों ने समन्दर सोख लिया है अपनी आँखों में, एक दिन चिड़िया छोड़ देगी चहकना नन्ही मासूम बेटियों की तरह, उन्होंने देखा है हर गली में भेड़ियों को घुमते हुए, एक दिन बादल बरसना छोड़ देंगे उन्हें ज्ञात हो गया है, धरती पर अब उन्हें नर्म स्पर्श फूलों का मिलेगा नहीं... और वो चोटिल होंगे रेत से टकराकर। **- शिल्पी अग्रवाल**

मेरी पीड़ाएं मेरे निजी अनुभवों में

मेरी पीड़ाएं मेरे निजी अनुभवों में रूपांतरित हो चुकी है मेरे घाव अब मेरे संघर्ष के स्मृति चिन्ह बन चुके है मेरी समस्त जय पराजय मेरा इतिहास बन चुकी है। मेरे भय अब मेरी शक्ति बन चुके है और मेरी विशेषताएं अब अनुमोदन को लालयित नही है। केवल इतना समझो मुझ पर जड़े जमाई जा सकती है किंतु मेरे भीतर नही।

- कुलदीप वर्मा

जो ओशो संन्यासी ओशो के नाम

जो ओशो संन्यासी ओशो के नाम पर ग़लत प्रचार करते हैं । अश्लील चित्र पोस्ट करते हैं । ध्यान की बात नहीं करते ।वे सब मेरी मित्र सूची से बाहर हो जायें ।क्योंकि उन्हें अभी तक यह समझ में नहीं आया कि ओशो ने जागने के लिए बोला है । और जो जाग गया वह ऐसा प्रचार कदापि नहीं कर सकता।

- मां आनंद प्रदीपा

दया कुछ तो गड़बड़ है सीबीआई

दया कुछ तो गड़बड़ है सीबीआई ईडी के बाद अब हृद्ध की एंट्री... आप पार्टी के शराब कांड की जांच अब एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) करेगी.... क्योंकि अब इसमें आतंकवादी एंगल भी तलाशा जा रहा है... हृद्ध के आने के बाद कोर्ट की दखल नहीं के बराबर रहती है.... क्योंकि देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। **- कुमार संतोष**

सच्चाई आजकल मां बाप

सच्चाई आजकल मां बाप कमाते हैं, अपनी इच्छाओं और शौक को नियंत्रण में रख के जोड़ते हैं और बच्चे मां बाप की उसी कमाई पर ऐश करते हैं जागो और सोचो। **- डॉ अर्चना खंडेलवाल**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1236- विश्व प्रसिद्ध सूफ़ी संत हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी रहमतुल्लाह अलैह का निधन। 1493- क्रिस्टोफर कोलम्बस अपने विश्व भ्रमण के बाद स्पेन लौटा। 1564- मुगल बादशाह अकबर ने जजिया कर हटाया। 1744- फ्रांसीसी सम्राट लुईस 15वें ने ब्रिटेन के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1901- महान कुश्ती प्रशिक्षक एवं पहलवान गुरु हनुमान का जन्म। 1901- अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में घोडों की दौड पर प्रतिबंध लगा। 1907- फिनलैंड महिलाओं को वोट देने का अधिकार देने वाला पहला यूरोपीय देश बना। 1919- हैदराबाद में उस्मानिया विश्वविद्यालय का उद्घाटन हुआ। 1934- बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम का जन्म। 1943- दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिह वर्मा का जन्म। 1964- सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया। 1969- भारतीय नौसेना में पहला हेलीकॉप्टर दस्ता गोवा में शामिल किया गया।

QUIZ TIME

1) जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने किस ग्रह की नई छवियों को कैप्चर किया है?
2) किस फार्मा कंपनी ने गर्भाशया ग्रीवा के कैंसर के खिलाफ भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित कवाड्रिवैलेण्ट ह्मूमन पैपिलौमावायरस वैक्सीन लॉन्च किया?
3) किस संगठन ने स्वतंत्रता दिवस 2022 पर पृथ्वी से 30 किमी ऊपर भारतीय ध्वज फहराया?
4) उदरशक्ति एक द्विपक्षीय अभ्यास है, जो भारत और किस अन्य देश के बीच आयोजित किया गया है?
5) भारत में पहला 3डी प्रिण्टेड ह्मूमन कॉर्निया किस संस्थान द्वारा विकसित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बृहस्पति (2) सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (3) स्पेस किड्ज इंडिया (4) मलेशिया (5) आईआईटी हैदराबाद

प्रेरक प्रसंग

स्वयं मत बोलो, कर्म को बालने दो

एक दिन घनश्याम दास बिड़ला अपने कार्यालय जा रहे थे। कार्यालय जाने में देर हो गयी थी। इसलिए ड्राइवर गाड़ी तेज चला रहा था। गाड़ी जैसे एक तालाब के रासते से गुजर रही थी, उसके किनारे सैकड़ों लोगों की भीड़ देखकर बिड़ला साहब ने ड्राइवर से पूछा - 'क्या बात है? इतनी भीड़ क्यों है?' ड्राइवर ने कहा- 'पता नहीं सर, लगता है कोई डूब गया है।'

घनश्याम दास ने तुरन्त गाड़ी रोकने को कहा और जल्दी से अपना दरवाजा खोल दौड़ पड़े। तालाब के निकट जाकर देखा तो हैरान रह गये, एक नौ-दस वर्ष का बालक पानी में डूब रहा है, लोग खड़े होकर बचाओ, बचाओ चिल्ला रहे हैं, लेकिन कोई तालाब में कूद कर बचाने नहीं जाता।

घनश्यामद दास जूता पहने ही पानी में कूद गये। तैरकर बालक को पकड़ा और खींच कर बाहर लाये। उसी भींगे हालत में बालक को लेकर अस्पताल पहुँच गए। बच्चे ने काफी पानी पी लिया था। जब डॉक्टरों ने आश्वासन दिया कि लड़का बच जायेगा, तभी वे अपने कार्यालय पहुंचे। उन्हें इस हालत में देखकर सभी कर्मचारी आवाक् रह गये। जब उन्होंने सुना कि बिड़ला जी ने किस तरह उस लड़के की जान बचायी, उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा- 'सर, आप तो महान है।' बिड़ला जी ने कहा- 'यह तो हमारा कर्तव्य था।'

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -003

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 002 का हल

भू	कं	प		फा	य	दा		स
प		ल	ला	ट		य	ती	म
ति	ल	क		क	न	क		झ
	क्ष्म				रे			
ग	ण	क		सं	श	य		सौ
ह		या	च	क		म	न्न	त
रा	क्ष	स		र	क्ष	क		न
	त्रि				मि			
शा	य	री		का	त	र		गो

■ न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगी गर्मी, सारंगढ़ में 37.8 डिग्री तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब गर्मी अपना असर दिखाने लगी है. सुबह 9 बजे के बाद से ही गर्मी महसूस हो रही है. मौसम वैज्ञानिक जनक राम साहू ने बताया कि पिछले सप्ताह लगभग 5 दिनों तक बदली बारिश के बाद अब प्रदेश का मौसम साफ हो गया है. सोमवार को प्रदेश में हवा की दिशा उत्तर से बदलकर उत्तर पश्चिम से आने की संभावना है. इस दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहने के साथ ही अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन अधिकतम तापमान में वृद्धि का ट्रेंड बने रह सकता है. सोमवार को रायपुर शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रह सकता है. रविवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान सारंगढ़ में 37.8 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री न्यूनतम तापमान 21 डिग्री. माना एयरपोर्ट पर अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री. बिलासपुर का अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री न्यूनतम तापमान 20 डिग्री. पेंड्रारोड का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री. अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री. जगदलपुर का अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री. दुर्ग अधिकतम तापमान 35.8 न्यूनतम तापमान 17 डिग्री. राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.9 डिग्री दर्ज किया गया।

शिक्षित युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैम्प 17 को

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 17 मार्च को एक्सटेंशन काउंटर, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स राखी, सेक्टर-27 नवा रायपुर अटल नगर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से डोमिनोस पिज्जा रायपुर द्वारा बिजनेस / गेस्ट डिलाईट एसोसियेट्स के 130 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए 8वीं, 10वीं उत्तीर्ण आवेदक भर्ती के लिए पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 10 से 12 हजार रूपये प्रतिमाह भुगतान किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित हो सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

सूने मकान में चोरी करने वाले 4 नाबालिग चोर तथा दो खरीददार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिर हसौद के राखी थानाक्षेत्र में अलग अलग दो सूने मकानों का ताला तोड़कर घर के बाथरूम में लगे नल व शॉवर चोरी करने वाले चार नाबालिग चोर तथा चोरी को सामान खरीदने वाले दो दुकानदारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 29 मकान नं0 एचआईजी-2/39 नवा रायपुर में रहने वाले सुमन कुमार कुल्लू ने थाना राखी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जनवरी 2023 को अपने मकान में ताला लगाकर रायपुर गया था, कि शाम को वापस घर आकर देखा तो सामने दरवाजा का कुंडी टुटा हुआ था तथा किचन एवं बाथरूमों में लगे 3 नग शॉवर एवं 10 नग नल जगुआर कंपनी का गायब था। वहीं दूसरे मामले में सेक्टर 29 नवा रायपुर में रहने वाले ठाकुर विक्रम सिंह ने थाना राखी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 5 दिसंबर 2022 को अपने घर पर ताला लगाकर अपने दोस्त के घर रायपुर गया था कि तथा 6 की रात वापस अपने घर आकर देखा तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था तथा कमरे में रखा मोबाईल फोन,एक टेबलेट, नगदी रकम तथा बाथरूमों में लगा 5 नग नल नहीं था। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 454, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। मामलें में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा चोरी की घटनाओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना राखी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी के उक्त घटना स्थलों का बारिकी से निरीक्षण किया जाकर घटनाओं के संबंध में प्रार्थियों सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया।

किसानों के हित में छत्तीसगढ़ मॉडल को अन्य राज्य भी अपनाएं : बैजनाथ चन्द्राकर

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राज्य सहकारी बैंक महासंघ (नेफ्स्काब) मुम्बई के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर व जनरल असेम्बेली की बैठक में अपेक्स बैंक छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष और नेफ्स्काब के राष्ट्रीय संचालक श्री बैजनाथ चंद्राकर ने सुझाव दिया गया कि अन्य राज्यों में भी छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाया जाना चाहिए। केन्द्र एवं राज्य शासन को ब्याज अनुदान की राशि समितियों को समय उपलब्ध कराना चाहिए। शासकीय योजनाओं के तहत् समितियों को हुई हानि की प्रतिपूर्ति समय पर किए जाने से समिति की आर्थिक स्थिति सृदृढ़ होगी। अपेक्स बैंक के अध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र के लगातार मजबूत बनाया जा रहा है। इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहें हैं। प्राथमिक कृषि साख समितियों में अंधोसंरचना के विकास के साथ-साथ नई समितियों का गठन किया जा रहा है। राज्य में 725 नवीन पैक्स का गठन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए खरीदी केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं के साथ नवीन प्राथमिक साख सहकारी समिति (पैक्स) प्रारंभ करने और इन समितियों में अंधोसंरचना विकास के कदम उठाए गए हैं। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल की सराहना की गई। श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्राथमिक साख सहकारी समितियों की सृदृढ़ता के लिए लगातार वित्तीय सहायता दी जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन पैक्स व उपार्जन केन्द्रों में अंधोसंरचना विकास के तहत गोदाम सह कार्यालय भवन, फड़ व चबूतरे का निर्माण किया गया। समितियों के जरिए किसान हितैषी एवं हितग्राही मूलक योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश में गोधन न्याय योजना और वनांचल क्षेत्रों समर्थन मूल्य पर लघुवनोपजों की खरीदी से छत्तीसगढ़ के आदिवासियों, किसानों महिलाओं और खेतिहर मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुधरी है।

जनगणना पर भाजपा अपना मत स्पष्ट करें - कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रधानमंत्री से जनगणना कराए जाने की मांग का समर्थन करते हुये भाजपा पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि जनगणना को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को अपना रुख स्पस्ट करना चाहिए कि भाजपा जनगणना के पक्ष में है या खिलाफ में है? हर दस साल में जनगणना होता है। लेकिन केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद बीते 12 साल से जनगणना नही हो पाया है। जिसके चलते आर्थिक रूप से सामाजिक रूप से पिछड़े लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार ने 1 अप्रैल से जनगणना कराने का जो फैसला दिए हैं, वह स्वागत योग्य है। इससे प्रदेश के आर्थिक सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों की वास्तविक जानकारी सामने आएगी और राज्य सरकार कुछ वंचित और दबे कुचले शोषित लोगों को समाज के मुख्यधारा में जोड़ने के लिए और बेहतर योजना बनाकर काम करेगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार की मुनाफाखोरी हो गलत नीतियों के चलते देश महंगाई बेरोजगारी के आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। 80 करोड़ लोग दो वक्त का खाना भी जूटा नहीं पा रहे हैं। मोदी सरकार देश में 80 करोड़ लोगों को 5 किलो राशन देने का दावा कर रही है। दूसरी ओर देश के लोगों के जीवन स्तर सुधारने का भी दावा कर रही है। यह दोनों बातें एक साथ संभव कैसे हैं।

कलिंगा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में लिया भाग

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय की छात्राओं ने कार्यस्थल पर महिलाओं के शारीरिक शोषण, मानव तस्करी, अपराध स्थल पर सुरक्षा, और फैमिली कोर्ट से कैसे राहत मिल सकती है और साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों पर राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल थे। जिन्होंने विभागीय पत्रिका का शुभारंभ किया और छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग विभाग द्वारा विकसित एप का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में हुआ। कलिंगा विश्वविद्यालय के फोरेंसिक विभाग के संकाय सदस्यों ने मुख्यमंत्री के समक्ष एक प्रदर्शन प्रस्तुत किया जिसमें अपराध स्थल से साक्ष्य एकत्र करते समय सूक्ष्म विवरण का ध्यान रखने के बारे में बारीक जानकारी दी गई। ऑडिटोरियम में लगे स्टॉल पर फिंगर प्रिंट संग्रह और गुप्त स्याही से लिखने का प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के संबंध में ऑनलाइन शिकायतों से निपटने के लिए राज्य महिला आयोग मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा स्मारिका का विमोचन किया। अपने उद्घाटन भाषण के दौरान सीएम बघेल ने महिला सुरक्षा पर जोर दिया और महिलाओं को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने की जरूरत बताई. सरकार नई योजनाओं को लागू कर रही है क्योंकि कार्य योजना तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ने राज्य में मानव तस्करी और साइबर अपराध जैसे विभिन्न अपराधों का भी संज्ञान लिया और कहा कि इन्हें समाप्त किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक और छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम भी मौजूद थीं.

डॉ संजीव शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर ने 2015-2022 से मानव तस्करी के उन्मूलन के लिए उठाए गए कदमों पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ सुनंदा ढेंगा ने अपराध स्थल से सबूतों को कैसे लिया जाए, इस पर प्रस्तुति दी। एडवोकेट शमीम रहमान ने वर्क प्लेस पर महिलाओं के यौन शोषण और फैमिली कोर्ट से कैसे राहत मिल सकती है, इसकी जानकारी दी। सुश्री मोनाली गुहा, साइबर क्राइम स्टेट ट्रेनर ने साइबर क्राइम को कैसे रोका जाए, इस पर प्रस्तुति दी।

फोरेंसिक विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ मौमिता सिन्हा, एनएसएस कार्यक्रम कार्यालय और फैशन विभाग की प्रमुख डॉ स्मिता प्रेमानंद, फोरेंसिक विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर नीलम अहिरवार, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर श्री शेख अब्दुल कादिर कार्यक्रम में कलिंगा विश्वविद्यालय की स्टाफ नर्स सुश्री सुमन चौहान ने कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए, विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा B+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो उत्कृष्ट 101-150 विश्वविद्यालयों की एनआईआरएफ रैंकिंग 2022 में शामिल है। यहां छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है ताकि वैश्विक बेंचमार्क के अनुसार छात्रों में नवाचार पैदा किया जा सके। ताकि उनमें नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ एक जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना का विकास हो सके।

राज्य वन विकास निगम द्वारा लाभांश एवं लीज रेंट की 3.51 करोड़ का चेक सीएम को सौंपा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मंगलवार को विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में वन मंत्री मोहम्मद अकबर और छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम की वर्ष 2021-22 के लाभांश 3.51 करोड़ रूपए की राशि का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा। छत्तीसगढ़ राज्य वन निगम के अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि वन विकास निगम द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो से राज्य के वनांचल में रहने वाले वनवासियों एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गो के ग्रामीणों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु उन्हें सतत् रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। निगम द्वारा बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्थान से कोई ऋण नहीं लिया गया है, न ही निगम को राज्य शासन से कोई अनुदान प्राप्त होता है। वन विकास निगम राज्य में हरियाली के प्रसार एवं पर्यावरणीय विकास हेतु कृत संकल्प है। वन विकास निगम के प्रबंध संचालक एके भटट द्वारा मुख्यमंत्री को बताया कि वन विकास निगम द्वारा भारत सरकार द्वारा स्वीकृत कार्य आयोजना अंतर्गत रोपित किये गये सागौन वृक्षारोपण के विरलन से प्राप्त वनोपज के विक्रय एवं अन्य आय से वित्तीय वर्ष 2021-22 में 69 करोड़ 11 लाख रूपए की आय हुई तथा विभिन्न कार्यो पर 31 करोड़ 79 लाख रूपए व्यय हुआ है। वर्ष के दौरान निगम को 36 करोड़ 48 लाख रूपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ हुआ है। वर्ष 2021-22 में निगम द्वारा 1982 हेक्टेयर क्षेत्र में 35 लाख सागौन तथा छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यावरण सुधार हेतु डिपाजिट रोपण योजना अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों से प्राप्त राशि से 7 लाख 47 हजार मिश्रित प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष में 2021-22 में 13,504 घनमीटर इमारती काष्ठ 7,845 नग बल्ली, 5,698 नग जलाऊ चट्टा तथा 86 नोशनल टन बांस का उत्पादन हुआ है।

''मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'' : अंतर्गत सभी वर्ग के इच्छुक भूमि स्वामी होंगे पात्र

■ **मुख्यत: 05 वृक्ष प्रजातियों की खेती के लिए विशेष प्रोत्साहन**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए ''मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना'' को लागू किए जाने की घोषणा की है। इस योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है। मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना की क्रियान्वयन की तैयारी में वन विभाग जुट गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना अंतर्गत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी पात्र होंगे। इसके अलावा शासकीय, अर्धशासकीय तथा शासन के स्वायत्व संस्थान जो अपने स्वयं के भूमि पर रोपण करना चाहते हैं, पात्र होंगे। इसी तरह निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायतें, भूमि अनुबंध धारक, जो अपने भूमि में रोपण करना चाहते हैं, वे पात्र होंगे। इस योजनांतर्गत राज्य शासन द्वारा 5 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी। योजना अंतर्गत मुख्य रूप से 05 वृक्ष प्रजातियों की खेती के लिए कृषकों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इनमें टिशू कल्चर बांस, क्लोनल नीलगिरी, मिलिया डूबिया, टिशू कल्चर सागौन तथा सफेद चंदन शामिल है।

तुंहर सरकार तुंहर द्वार : घर बैठे ही लोगों को मिला अब तक लगभग 18 लाख स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा ड्राइविंग लायसेंस

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा नई सुविधा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसके तहत जून 2021 से अब तक 17 लाख 93 हजार 435 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र और ड्राइविंग लायसेंस आवेदकों के घर भेजे जा चुके हैं। इनमें 12 लाख 23 हजार 595 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा 5 लाख 69 हजार 840 ड्राइविंग लायसेंस शामिल हैं।

परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के सुव्यवस्थित संचालन के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी 22 सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इससे आवेदकों के धन तथा समय दोनों की ही बचत हो रही है।

परिवहन विभाग द्वारा बताया गया है कि 'तुंहर सरकार, तुंहर द्वार' सेवा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए विभाग द्वारा एक हेल्पलाईन नम्बर 75808-08030 जारी किया गया है, जो सभी कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कार्य करते हुए जानकारी प्रदान करता है। आवेदक चाही गई जानकारी ई-मेल आईडी पर भी अपनी मेल भेजकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त हेल्पलाइन नम्बर पर फोन करके आवेदक अपने ड्रायविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र के प्रेषण संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभी औसतन प्रतिदिन 100 कॉल आ रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से ड्रायविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रक्रिया, टैक्स एवं फीस संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

अपराधों से निपटने के लिए साइबर कौशल अनिवार्य

■ **सीडैक के सहयोग से पुलिस अधिकारियों की साईबर अपराध पर 11 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ**

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा की अध्यक्षता में सीसीपीडब्ल्यूसी योजनान्तर्गत साइबर अपराध अनुसंधान विषय पर सेंटर फॉर डेव्हलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सीडैक) एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में 11 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के तीन पुलिस रेंज क्रमशः रायपुर, दुर्ग एवं बस्तर के 25 पुलिस अधिकारी शामिल हो रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को साईबर अपराध से संबंधित एनसीआरबी के डाटा का विश्लेषण कर यह पता लगाया जाना चाहिए कि देश एवं प्रदेश में साईबर अपराध का क्या ट्रेंड है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के परिदृश्य में बताया कि साईबर अपराध के प्रकारों में आरोपियों द्वारा फिशिंग कर लोगों की व्यक्तिगत जानकारी लेकर, पेन कार्ड, क्रेडिट कार्ड के जरिए ठगी के अपराध देखने को मिले हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर पर्सनल एटैक, ऑनलाईन हरासमैंट जैसे अपराध भी राज्य में प्रकाश में आये हैं। सीडैक संस्था ने देश के महानगरों में इस क्षेत्र में काफी कार्य किया है। अतः ऐसे प्रकरणों की केस स्टडी का अवलोकन करने से राज्य में घटित होने वाले अपराधों की विवेचना में काफी मदद मिल सकती है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं प्रदीप गुप्ता ने कहा कि साईबर अपराध जिस गति से बढ़ी है, उस पर नियंत्रण लाया जाना पुलिस के लिए एक चुनौती है। यह अपराध आने वाले समय में और अधिक जटिल होने वाली है। ऐसी स्थिति में पुलिस अधिकारियों का स्किल लेवल बढ़ाया जाना आवश्यक है। वर्तमान समय में साइबर एक अनिवार्य कौशल है, जिसका सभी पुलिस अधिकारियों को ज्ञान होना चाहिए।

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग राष्ट्रीय स्तर पर फिर पुरस्कृत

■ **'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम को मिला वर्ष 2022 का स्कॉच अवार्ड**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग को एक बार पुनः अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। कड़ी प्रतियोगिता के बाद राज्य में समग्र शिक्षा द्वारा संचालित ÷अंगना म शिक्षा÷ कार्यक्रम के तहत वर्ष 2022 में किए गए कार्य के लिए स्कॉच अवार्ड 2022 प्राप्त हुआ है। यह पूरा कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की महिला शिक्षिकाओं के समूह द्वारा संचालित की जा रही है। इस वर्ष इस कार्यक्रम का तीसरा वर्ष होगा और प्रतिवर्ष इसमें महिला नेतृत्व द्वारा कुछ नया डिजाइन शामिल किया जाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने इस अवार्ड के लिए विभाग एवं राज्य की शिक्षिकाओं को बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि स्कॉच अवार्ड एक स्वतंत्र संगठन द्वारा प्रदत्त देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो लोगों, परियोजनाओं और संस्थानों की पहचान करता है जो भारत को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते है। इस अवार्ड को वर्ष 2003 में स्थापित किया गया था। यह अवार्ड डिजिटल, वित्तीय और सामाजिक समावेश के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रयासों के लिए प्रदाय किया जाता है।

कोरोना के समय जब स्कूल शिक्षा विभाग का पूरा अमला बच्चों की पढ़ाई को जारी रखने के लिए निरंतर प्रयासरत था और शिक्षकों को इस कार्य के लिए प्रोत्साहित करते हुए नए-नए तरीकों से बच्चों की पढाई को जारी रखने की कोशिश सतत् की जा रही थी। उसी समय राज्य के कुछ महिला शिक्षिकाओं ने इस राज्यव्यापी कार्यक्रम ÷पढ़ई तुंहर दुआर÷ में अपने योगदान का प्रस्ताव रखा। उन्होंने माताओं को प्रशिक्षित कर उनके माध्यम से घर पर रहते हुए ही बच्चों को सिखाने के प्रयास को ÷अंगना म शिक्षा÷ के रूप में प्रारंभ किया। 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम के माध्यम से माताओं में अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अलख जगाने में सफलता पाई। माताओं एवं छोटे बच्चों को गाँव-गाँव में मेलों का आयोजन कर, मेले में माताओं एवं बच्चों को आमंत्रित कर घर में उपलब्ध सामग्री जैसे बर्तन, सब्जी, फल, कपड़े आदि का उपयोग कर सिखाया जाए, इस पर कार्य किया गया।

मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष शान्ति सरोवर में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में शामिल हुए

रायपुर/नवप्रदेश। स्नेह मिलन समारोह शा स्वर्गीय कमला दीदी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सहित अनेक मंत्रीगणमुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सहित अनेक मंत्रीगण, संसदीय सचिव एवं विधायक आज यहां रायपुर के शांति सरोवर में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह शामिल हुए। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सहित उपस्थित सभी लोगों ने इस अवसर पर शांति सरोवर की पूर्व क्षेत्रीय निदेशक स्वर्गीय कमला दीदी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि आज लोगों को आत्मिक शान्ति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे कई साथी माउण्ट आबू जाने की इच्छा रखते हैं। मन में शान्ति होगी तो जनता की अच्छी सेवा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अशांत मन से परमात्मा को याद नहीं कर सकते। हम सब उनकी संतान हैं और उनके समान बनना चाहते हैं।

क्षेत्रीय निदेशिका ब्रम्हाकुमारी हेमलता दीदी ने सभी मंत्रियों एवं विधायकों को माउण्ट आबू में आयोजित तीन दिवसीय राजयोग शिविर में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सांस्कृतिक परम्पराओं से भरपूर है। लोगों को आज नैतिकता और आध्यात्मिकता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

प्रयागराज से पधारी धार्मिक सेवा प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रम्हाकुमारी मनोरमा दीदी ने कहा कि यह भूमि भावनाओं से भरी हुई है। यह भूमि अयोध्यापति राम का ननिहाल रहा है। माउण्ट आबू की भूमि श्रेष्ठ पावन भूमि है।

समारोह में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव शिशुपाल सिंह सोरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, डॉ. कृष्णमूर्ति बाँधी, पुन्नूलाल मोहले, विधायक ननकी राम कँवर, कुलदीप जुनेजा, अरूण वोरा, शिवरतन शर्मा, धरमजीत सिंह, प्रमोद शर्मा, दलेश्वर साहू, डॉ. प्रीतम राम, रजनीश सिंह, डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, सावित्री मनोज मण्डावी, अनिता योगेन्द्र शर्मा, संगीता सिन्हा, उत्तरी जांगड़े भी उपस्थित थीं। स्नेह मिलन समारोह में अतिथियों का शॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

न्यूज गैलरी

23 मार्च को जिपं सामान्य सभा की बैठक

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 23 मार्च 2023 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ईत्यादि विभागों के कार्यो की समीक्षा की जावेगी। उक्त बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला पंचायत सदस्यों एवं मानद सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

अब राशन के लिए 35 किमी दूर जाने से मिली निजात

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन बीजापुर के द्वारा जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानें जो अपने मूल पंचायत में संचालित नहीं थी को लगातार उन्हे अपने मूल पंचायत में पुनः स्थापित करने या भवन नहीं होने की स्थिति में ट्रेक्टर के माध्यम से मूल पंचायत में राशन पहुंचाकर राशनकार्डधारियों को वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत दारेली की उचित मूल्य दुकान जो कि पामेड़ में संचालित है जिसकी दूरी पामेड़ से लगभग 35 किलोमीटर है जहां माह मार्च से ट्रेक्टर के माध्यम से राशन मूल पंचायत में पहुंचाकर वितरण किया जा रहा है। जिससे मूल पंचायत में ग्रामीणों को राशन उपलब्ध हो पा रहा है। इससे उक्त क्षेत्रों के ग्रामीणों में हर्ष है एवं वे सभी उक्त कार्य हेतु प्रशासन का आभार व्यक्त कर रहे

सखी वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत दावा आपत्ति 20 तक

बीजापुर/नवप्रदेश। सखी वन स्टॉप सेंटर बीजापुर अंतर्गत बहुउद्देशीय सहायक के रिक्त पद के भर्ती हेतु 16 फरवरी 2023 को आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसका पात्र/अपात्र सूची सह दावा-आपत्ति 20 मार्च 2023 तक आमंत्रित किया गया है। निर्धारित समयावधि के पश्चात दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। संबंधित विस्तृत जानकारी जिले के वेब साईट bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।

लाइवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में संकल्प योजना के तहत जिले में 17 मार्च 2023 दिन शुक्रवार को समय प्रातः 10 बजे से लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में सिक्योरिटी गॉर्डस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मोटर मैकेनिक, सुपरवाईजर, वेल्डर, सेल्समेन, वेटर आदि के कुल 755 विभिन्न रिक्त पदों में भर्ती हेतु नियोजक उपस्थित होंगें। अनुमानित वेतन एवं पदों की अधिक जानकारी हेतु संयुक्त जिला कार्यालय भवन परिसर दंतेवाड़ा एवं लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 10 से 04 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है।

इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने 10 प्रतिशत सब्सिडी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। परिवहन विभाग ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 के तहत राज्य में इलेक्ट्रिकल्स संचालन को बढ़ावा देने हेतु यथा दो पहिया, तिपहिया, चार पहिया (नॉन कमर्शियल) चार पहिया (कमर्शियल), माल वाहक यात्री वाहन एवं अन्य श्रेणी के बैटरी चलित इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ¼EV½ नीति 2022 लागू करता है। छत्तीसगढ़ के नागरिकों के स्थायी भविष्य के लिए स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करना। वाहनों के कारण तेजी से बढ़ रही जहरीली गैस उत्सर्जन आदि जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक बिगड़ता है, इसे कम करने की योजना बना कर क्रियान्वित करना। बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाना ताकि 2027 तक सभी नए वाहन पंजीकरण में BEV का 15 प्रतिशत का योगदान हो और परिवहन क्षेत्र से उत्सर्जन को कम करके छत्तीसगढ़ के पर्यावरण में एक भौतिक सुधार लाया जा सके। खरीदी के लिए प्रोत्साहन इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ¼EV½ नीति 2022 के अनुसार राज्य के द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के मूल्य (टैक्स छोड़कर) पर दस प्रतिशत या 1.5 लाख तक (जो भी कम होगा) खरीदी प्रोत्साहन राशि एवं इवी की खरीद पर पंजीकरण शुल्क में छूट दिया जा रहा है। जिला परिवहन कार्यालय में कुल 09 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत है, उक्त वाहन स्वामियों को प्रोत्साहन इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ¼EV½ नीति 2022 के अनुसार 10 प्रतिशत की राशि हितग्राही के बैंक खाता क्रमांक में स्थानांतरण किया गया है।

अलौकिक होली एवं महाशिवरात्रि का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। चारामा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं आध्यात्मिक केंद्र चारामा जिला कांकेर द्वारा महाशिवरात्रि का महत्व एवं अलौकिक होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ मनाया गया द्य कार्यक्रम का शुभारंभ परमपिता परमात्मा शिव की याद में रहकर मेडिटेशन गीत के साथ सर्वोच्च शक्ति शिव को याद किया गया। भगवान शिव से वरदानी शक्ति रुपी किरणें लेकर प्रकृति के 5 तत्व पृथ्वी अग्नि वायु जल एवं आकाश) को साकाश दिया गया।और सभी भाई बहनों द्वारा यह कामना किया गया कि सभी तत्व अपनी प्रकृति में रहकर अपने कार्य -व्यवहार का कर्तव्य निभाएं, जिससे इस अखंड विश्व पर पुनःदेवी राज्य परिवार की स्थापना हो सके द्यइस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्यात्मिक सेवा केंद्र चारामा की संचालिका ब्रम्हाकुमारी रमा दीदी ने कहा कि समय के साथ-साथ सृष्टि में परिवर्तन होता है सृष्टि सतयुग से प्रारंभ होकर त्रेता द्वापर कलयुग से संगम युग में प्रवेश कर गए हैं।जो सतयुग आने का संकेत है।इस संगम युग में स्वयं शिव बाबा परमधाम से आकर स्वयं ब्रह्मा के तन में प्रवेश कर मनुष्यों को पतित से पावन बनाकर सतयुग की पुनर्स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

चेटीचंड जयंती मनाने सिंध समाज की हुई बैठक

कांकेर/नवप्रदेश। चारामा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में झूलेलाल जयंती। धूमधाम से मनाने हेतु पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिंधी युवा संगठन की बैठक रविवार 12 मार्च को संपन्न हुई। इस बैठक में सिंधी समाज के सभी युवा एवं बुजुर्ग पदाधिकारी शामिल हुए, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 23 मार्च 2023 दिन गुरुवार को झूलेलाल जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी, जिसमें सिंधी समाज के सभी व्यापारियों की दुकानें इस दिन पूर्णता बंद रहेंगी ।सुबह 9:00 बजे श्री झूलेलाल मंदिर(आरईएस कॉलोनी) में आरती एवं पल्लव कार्यक्रम ,सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक युवाओं एवं महिलाओं की मोटरसाइकिल रैली, सुबह 11:00 से 1:00 बजे तक युवा मंडली द्वारा भजन कीर्तन ,एवं दोपहर 1:00 से 3:00 बजे तक आम लंगर का आयोजन किया जाएगा।

एसईसीएल विप्स द्वारा मुख्यालय बिलासपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल प्रशासनिक भवन सीएमडी सभाकक्ष में दिनांक 13 मार्च 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एसईसीएल विप्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम का समापन एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.के. पाल, निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना) एस.एन. कापरी, निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या के विशिष्ट आतिथ्य, विप्स अपेक्स पूर्व महासचिव कीर्ति तिवारी, मुख्यालय के महिलाकर्मियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए महिलाकर्मियों की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी है। अपने सम्बोधन में उन्होंने डिजिट आल : लैंगिक समानता के लिए नवाचार एवं प्रौद्योगिकी विषय पर कहा कि नवाचार एवं प्रौद्योगिकी से महिला व पुरूष वर्ग में समानता आई है, आज ऐसा कोई काम नहीं है जो महिला करने में सक्षम नहीं है। महिलाएँ एक जुनून, एक जज्बे, एक हौसले के साथ अपना कार्य सम्पादित करती है जो अत्यंत प्रशंसनीय है और समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरक है। प्रबंधन द्वारा महिलाओं के सतत विकास, क्षमता उन्नयन के लिए विविध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें अधिकाधिक भाग लेकर अपने को कार्यस्थल और समाज में और अधिक सक्षम बनाएँ।

इस अवसर पर अपने-अपने सम्बोधन में निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.के. पाल, निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना) एस.एन. कापरी, निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या ने कहा कि आदि काल से भारतीय समाज में महिलाएँ समाज व देश को सामाजिक एवं आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान करने में अपनी महती भूमिका निभाती चली आ रही है। महिलाएँ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उन्होंने अपने-अपने सम्बोधन में पूर्व और वर्तमान समय के परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की शिक्षा, नौकरी आदि विषयों पर आनुपातिक विश्लेषण करते हुए बताया कि आज समाज व राष्ट्र की उन्नति में महिलाओं की सशक्त भूमिका है। सभी क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पूर्व से बेहतर है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन कीर्ति तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया उपरांत शपथ का पठन किया गया जिसे उपस्थितों ने दोहराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के करकमलों से विप्स द्वारा आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता-प्रथम-कृतांजली पाल, द्वीतीय-प्रिया पाण्डे, तृतीय-रूपल चतुर्वेदी एवं ख्याति नेताम, भाषण प्रतियोगिता-प्रथम-रूपल चतुर्वेदी, द्वीतीय-सी. अनुराधा, तृतीय-डा. संजीवनी पाणिग्रही एवं लक्ष्मी गोयल, रंगोली प्रतियोगिता-प्रथम-रूपल चतुर्वेदी, द्वीतीय-स्वाति नेताम, तृतीय-सोनप्रभा नायक एवं क्षेत्राीय कार्यालयों के एक-एक महिला अधिकारी एवं कर्मचारी को उनके बेहतर कार्यनिष्पादन हेतु पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व डा. संजीवनी पाणिग्रही एवं सुधा सिंह द्वारा निभाया गया अंत में उपस्थितों को धन्यवाद ज्ञापित आरती बंजारे समन्विका विप्स द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती शैलजा दाभाड़े, सविता निर्मलकर, श्रीमती नमिता दीक्षित, संगीता बझलवार, खिमिया मनवानी, रीना श्रीवास्तव, जया चौधरी, वीणा सिंह, श्रीमती रेहाना खान व अन्य सभी विप्स सदस्याओं का सक्रिय सहयोग रहा।

कलेक्टर सहित जिला अधिकारियों ने बनवाया आभा कार्ड

बीजापुर/नवप्रदेश। आभा कार्ड हर नागरिक को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत उपलब्ध कराया जाने वाला कार्ड है। ये एक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानी आभा कार्ड है। इस कार्ड में व्यक्ति की स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारियां उपलब्ध रहेंगी। देश में कई ऐसी योजनाएं चल रही हैंए जिनका लाभ गरीब वर्ग और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। शहरों के अलावा ग्रामीण इलाकों तक इन योजनाओं को पहुंचाया जा रहा हैए क्योंकि गांव में रहने वाले लोगों को खासतौर पर इन योजनाओं की जरूरत होती है। ऐसी ही एक योजना है डिजिटल हेल्थ कार्ड यानी आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट।

इसे केंद्र सरकार की तरफ से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शुरू किया गया है। इस योजना के तहत उन लोगों को फायदा मिलेगाए जो लोग बीमार रहते हैं और उन्हें डॉक्टर के पास अपने इलाज के लिए जाना पड़ता है। यह आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानी ABHA डिजिटल कार्ड होता है, जिसमें आप अपने सारे मेडिकल रिकॉर्ड सेव करके रख सकते हैं। मतलब आप कब बीमार हुएए आपने किस डॉक्टर को दिखायाए क्या टेस्ट करवाएं आदि सब जानकारी होगी। इस आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट का फायदा ये होगा कि आपकी मेडिकल रिपोर्टस दवाओं की पर्चियां ब्लड ग्रुप की जानकारीए डॉक्टर की जानकारी आदि चीजें इस डिजिटल कार्ड में होगी।

इससे आपको पर्चियां कैरी नहीं करनी पड़ेगी और इनके कहीं भूलने का भी डर नहीं रहता है। बात अगर इस कार्ड को बनवाने की पात्रता की करें। तो इस कार्ड को कोई भी बनवा सकता है। इस कार्ड को बनवाने के बाद आप इसका लाभ ले पाएंगे। जैसा कि बताया गया कि ये कार्ड पूरी तरह से डिजिटल है। इस कार्ड को बनवाने के लिए आप एनडीएमएच हेल्थ रिकॉर्ड्स एप को डाउनलोड कर सकते हैं या फिर आप इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर भी जा सकते हैं। इस कार्ड में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय आप अपने आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस के जरिए इससे जुड़ सकते हैं।

पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति व पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पिछड़ा कल्याण संघ और राष्ट्रीय संगठन ओबीसी यूनाइटेड फ्रंट आफ इंडिया के बैनर तले 11से 12 मार्च तक दो दिवसीय देश की राजधानी दिल्ली में न्याय अधिकार महाकुंभ सभा आयोजित किया गया। पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष अंगेश हिरवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित सभी समाज प्रमुखों ने अपने-अपने उदबोधन पर विचार रखते हुए कहां की समाज के हित में राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी की जनगणना कराई जाए व शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार किसान शैक्षणिक संस्थान की व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित की जाए ताकि देश के प्रत्येक समाज को वर्ग को युवाओं को लाभ मिल सके, कि बात रखी। सभा के पश्चात पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार और महामहिम राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन दिया गया।उपस्थित देशभर के सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा एक रूप से आवाज उठाई गई की राष्ट्रीय जनगणना के प्रपत्र में ओबीसी का अलग से कालम रखा जाए ताकि ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या और उसकी प्रतिशत पूरे भारत को पता चल सके जिसके आधार पर देश के हर क्षेत्र में जनसंख्या के अनुपात में उन्हें प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा ओबीसी के आरक्षण पर लाए गए अध्यादेश पर महामहिम राज्यपाल के द्वारा हस्ताक्षर किया जाए। आयोग की अनुशंसा पूर्णतः लागू किया जाए, घर की अवधारणा को भारतीय संविधान और मंडल आयोग के मूल भावना के अनुसार समाप्त किया जाए, निजी क्षेत्र में भी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए, ओबीसी के लिए भी पृथक आयोग ,बजट ,योजना लाई जाए, जनसंख्या के आधार पर ओबीसी के लिए संस्थान सुव्यवस्थित किया जाय, ओबीसी बालिकाओं के लिए देश की राजधानी दिल्ली में हजारों सीटर सर्वविधायुक्त छात्रावास बनवाई जाए, देश में संचालित विभाग, क्षेत्र में विश्वविद्यालय, विद्यालय में ओबीसी के लिए आरक्षित सीट नहीं है वहां आरक्षित सीट रखी जाए, छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में स्थापित एनएमडीसी के कार्यालय को बस्तर में स्थापित किया जाए, देश के सभी राज्यों में आयुर्वेदिक संस्था ने स्थापित किया जाए, बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए रोजगार के अवसर अति शीघ्र प्रदान किया जाए, इस न्याय अधिकार महाकुंभ में देश की राजधानी नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मानव व छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के प्रतिनिधित्व में संगठन प्रदेश महासचिव भागवत वैष्णव, सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना में 29 बेटियों के पीले हुए हाथ

■ सिहावा विधायक ने नवदम्पतियों को दिया आर्शीवाद

नगरी/नवप्रदेश। विकासखण्ड नगरी से 8 किलोमीटर दूर ग्राम फरसियां के मां महामाया मंदिर परिसर में अद्भुत नजारा देखने को मिला जब यह पूरा परिसर विशाल विवाह मण्डप में बदल गया था। सिहावा विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव के पहल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किये जाने वाले मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत सिहावा विधानसभा क्षेत्र के अलग - अलग विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों के 29 जोड़ो का सामूहिक विवाह मां महामाया मंदिर फरसियां के पंडित नीलकमल शर्मा वैदिक मंत्रों के उच्चार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। फाल्गुन मास के अवसर पर यह विशेष पर्व था जब सिहावा पवित्र धारा के गरीब 29 बेटियों के हाथ सैकड़ों लोगों के गवाही में पीले हुए, पवित्र धरा में बेटियों को क्षेत्र के विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारी कर्मचारियों का आर्शीवाद मिला।

वैदिक मंत्रों उच्चार और रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व वधु एवं वर पक्ष से घराती के अलावा अधिकारी कर्मचारी लोग बाराती और घराती बने। उक्त अवसर पर वर पक्ष को बाजे गाजे के साथ स्वागत कर बारात निकाली गई वही वधु पक्ष के लोग हाथ जोड़ कर स्वागत किया पूरा मां महामाया मंदिर प्रांगण विवाह उत्सव के रूप में नजर आ रहा था।इस अवसर पर विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने वर वधु को आर्शीवाद देते हुये कहां कि यहां मेरे लिये शुभ अवसर है कि आज सिहावा विधानसभा के पवित्र धारा पर यहां सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने बधाई दिया हैं उन्होंने आगे कहां कि आज पूण्य कार्य हो रहा है जहां गरीब बेटीओं को आर्शीवाद मिल रहा हैं उन्होंने कहां कि परिवार की जिम्मेदारी बेटीयों पर होती हैं वे समाज और परिवार को जोड़ कर रखती हैं। बेटीयां शासन की योजना का लाभ उठाकर सक्षम बने उन्होंने सभी नवदम्पतियों को उपहार देने के साथ उनके सफल और स्वस्थ जीवन के लिये शुभकामनाएं देते हुये बंद लिफाफे में उपहार दिये।

आज विधानसभा का घेराव करेगी भाजपा

बिलासपुर/नवप्रदेश। 15 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के तत्वधान में विधानसभा घेराव का कार्यक्रम रखा गया है प्रदेश की सरकार राज्य के गरीब वर्ग को मोर आवास मोर अधिकार से वंचित कर कर रखा है , केंद्र की सरकार ने 2022 तक सभी गरीब को आशियाने देने का आश्वासन दिया था देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश में कोई भी गरीब कच्चे के मकान में ना रहे सभी को पक्का मकान मिल जाए इसलिए केंद्र से पैसा भी भेज दिया गया था, किंतु राज्य सरकार (कॉन्ग्रेस) ने अपने हिस्से का पैसा नहीं दिया जिसकी वजह से गरीबों के सर से आशियाना छिन गया है भूपेश बघेल की सरकार गरीबों के हितैषी होने का दावा तो करती है, लेकिन जब गरीबों के हक और अधिकार के बारी आती है तो भूपेश बघेल की सरकार गरीबों से मुंह मोड़ लेते हैं! गरीबों की सबसे बड़ी चिंता होती है, रोटी और मकान 15 साल पहले जब राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी थी तो डॉक्टर रमन सिंह की सरकार ने खाद्य सुरक्षा ला कर रोटी देने का काम तो किया वहीं अब 2014 से केंद्र में मोदी जी के जो कि गरीबों को मकान देने के लिए प्रतिबद्ध है और वह दे भी रहे हैं किंतु बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहे हैं कि राज्य में भूपेश बघेल कांग्रेस की सरकार ने गरीबों से हक छीनने का काम किया है उनके आशियाने को छीनने का काम किया है अतः भारतीय् जनता पार्टी गरीबों के साथ खड़ी है उनके आशियाना दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए 15 मार्च को विधानसभा घेराव का कार्यक्रम किया जा रहा है अनुसूचित जाति मोर्चा भी इस कड़ी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और गरीबों के हक की लड़ाई लड़ेंगे एक बात दावे के साथ कह रहे हैं कि राज्य में 2023 में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना कर गरीबों को उनका आशियाना देने का काम करेगी, भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है गरीबों को उनके हक अधिकार देने के लिए, और हम यकीन दिलाते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में आने के बाद प्रत्येक गरीब को उनका आशियाना दिया जाएगा मोर आवास मोर अधिकार ।

अखंड नवधा रामायण के शुभांरभ में शामिल हुए जिपं सदस्य गौरहा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए भजन मंडली भाग ले रही हैं और स्थानीय जन व जनप्रतिनिधि भी आयोजन में शामिल होकर भगवान श्री रामचंद्र जी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में बिलासपुर जिला पंचायत के सभापति अंकित गौरहा इस अखंड नवधा रामायण के आयोजन में सम्मिलित हुए,उन्हें सर्वप्रथम समिति द्वारा गुलदस्ता व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत सभापति ने अयोजन समिति की प्रशंसा करते शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा भगवान श्री रामचंद्र जी के पुरातन संस्कृति व सभ्यता के प्रतिक की इस समृद्ध परंपरा को हमेशा जीवंत रखने के प्रयास से आयोजित अखंड नवधा रामायण के अभूतपूर्व आयोजन में शामिल होकर मैं कृतार्थ हुआ साथ ही क्षेत्र व जनता की सुख समृद्धि और शांति की कामना करते हुए श्री रामचंद्र जी के पद चिन्हों का अनुसरण करते हुए उसी तरह जनकल्याण में आगे आकर युवाओं को अपना जीवन सफल बनाने की बात कही तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष व सदस्य व अचार्य प्रसेन दूबे को इस अखंड नवधा रामायण के आयोजन के लिए उनकी प्रसंशा करते हुए भारतीय हिंदू संस्कृति को कायम रखने जिले के सबसे प्राचीन अखंड नवधा रामायण के आयोजन हर वर्ष कराने के लिए प्रोत्साहित किया उनके द्वारा अखंड नवधा रामायण धार्मिक आयोजन के लिए हर तरह से संभव सहयोग करने की बात कहीं।

खीरा, ककड़ी, तरबूज, लौकी जैसे फसलों से खेती में आयी हरियाली

■ कर्जमाफी सिर्फ कर्ज से मुक्ति ही नहीं बल्कि आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है

बीजापुर/नवप्रदेश। छग सरकार के कर्जमाफी योजना सिर्फ किसानों को कर्ज से मुक्ति ही नही दिलाई बल्कि इस योजना से किसानों के समृद्धि के मार्ग प्रशस्त हुआ है किसान आज कर्जमाफी से लाभान्वित होकर आर्थिक गतिविधियों को संचालित कर रहे और आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे है। ऐसे ही एक प्रगतिशील कृषक भोपालपटनम के अफजल खान के बारे में हमें जानने को मिला। अफजल खान बताते हैं कि उनका और परिवार का संयुक्त रूप से कुल 15 एकड़ कृषि भूमी भोपालपटनम में स्थित है। किसान बताते है कि 20-25 वर्षो से कृषि कार्य कर रहा है पहले मै सिर्फ धान की खेती करता था।

थोड़ा-बहुत जमीन स्तर पर मक्का और मूंग लेता था किन्तु आमदनी सीमित रहा किंन्तु प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के कर्जमाफी योजना से मुझे प्रत्यक्ष लाभ हुआ 5 लाख से अधिक का कृषि ऋण माफ होने से मुझे बहुत बड़ी राहत मिली और मैने अपने खेत में दो बोरवेल्स कराया पहले सिंचाई का साधन नहीं होने पर धान के फसल पर ही निर्भर था किन्तु अब बोरवेल्स सक्सेस हुआ पर्याप्त पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध है। वर्तमान समय में अफजल खान उद्यानिकी फसल ले रहा है, जिसमें ग्राफ्टेड बैंगन एक एकड़ में, खीरा दो एकड़ में, लौकी एक एकड़ में एवं तरबूज 8 एकड़ में बोया है, जिला प्रशासन और

उद्यानिकी विभाग द्वारा मल्चिंग, ड्रीप एरिगेशन, बैगन का पौधा, उन्नत किस्म के बीज के अलावा समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन दी जा रही है।

वहीं जैविक कृषि को बढ़ावा देते हुए गौठानो से निर्मित वर्मी खाद एवं स्वयं द्वारा वर्मी खाद का उत्पादन कर फसलों में उपयोग कर रहा है।

किसान के खेत में लहलहाते फसल उनकों आर्थिक और मानसिक रुप से सशक्त कर रही है विगत दो माह में लौकी, खीरा, बरबट्टी जैसे फसलों से 2 लाख रुपए की आमदनी कमा चुका है पूरे परिवार मिल जुलकर कृषि के कार्य में हाथ बंटा रहे है। गर्मी के दिन शुरु हो गया है वहीं तरबूज का फसल भी निकलने लगा है। मीठे और रसदार तरबूज अब जिलेवासियों को मिलने लगा है, भोपालपटनम और बीजापुर में तरबूज बाजारों तक पहुंचने लगा है। किसान ने बताया कि जिले में तरबूज की खेती पहली बार कर रहा हूं और फसल भी बहुत अच्छा हुआ है।

अब उडीसा, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों के तरबूज की आवश्यकता नहीं होगी। स्थानीय स्तर पर उत्पादन होने से लोगों को वाजिब दाम पर तरबूज बेच रहा हूॅ, फसल इतना अच्छा है कि पूरे सीजन भर पूरे जिले को तरबूज की पूर्ति कर सकूंगा। कृषक अफजल खान के दो बेटे और दो बेटी है जो कृषि कार्य में उनका हाथ बंटाते है। बुआई-निंदाई सहित अन्य कार्यो के लिए आस-पास के मजदूरों का सहारा भी लेता है। उनकों भी रोजगार मिल जाता है, मुझे मेरी मेहनत जिला प्रशासन के सहयोग और प्रदेश मुखिया के योजना से प्रत्यक्ष रुप से लाभ हुआ है। मेरे जैसे जिले के कई किसान आज साग-सब्जी के खेती से आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे है जिसके लिए मैं जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सदा आभारी रहूंगा।

■ न्यूज गैलरी

पुरानी दीवार गिरी, तीन बाइक क्षतिग्रस्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। मसानगंज मुख्य मार्ग में निर्माणाधीन बिल्डिंग के सामने स्थित पुरानी दीवार भरभरा कर गिर गई। दीवार के मलबे में तीन बाइक दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। सोमवार की शाम हुए इस हादसे में राहगीर बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इससे मसानगंज मार्ग बाधित होने लगा। इस पर पहुंची पुलिस ने लोगों की भीड़ को वहां से हटाया है।

सिविल लाइन क्षेत्र के मसानगंज रोड में आकाश स्टोर के बगल में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग निर्माणाधीन है। बिल्डिंग के मालिक सामने की दीवार को छोड़कर पीछे निर्माण करा रहे हैं। आसपास के लोग दीवार के पास ही अपनी बाइक पार्क करते थे। सोमवार की शाम बिल्डिंग के सामने की दीवार अचानक गिर गई। इससे दीवार के सामने खड़ी तीन बाइक दबकर क्षतिग्रस्त हो गई है। अचानक हुए इस हादसे को देखकर वहां पर मौजूद लोग सहम गए। इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई है।

सड़क पर चल रहे थे लोग: मसानगंज मुख्य मार्ग में शाम के समय यातायात का दबाव रहता है। सोमवार की शाम भी यहां पर लोगों का आना-जाना लगा था। इसी दौरान यहां पर हादसा हो गया। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों में अफ्रा-तफ्री मच गई थी। लोगों को जब पता चला कि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई तब राहत की सांस ली।

जिले की अति. एसपी मुख्यमंत्री से सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले की अति एसपी प्रतिभा पाण्डेय का प्रदेश की महिलाओ को जागरूक करने एवं महिला आयोग के कार्यो में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सम्मानित किया गया। बिलासपुर रेंज में आयोजित हयूमन ट्रैफिकिंग पर कार्यशाला में प्रतिभा पाण्डेय द्वारा दिये गये व्यापक जानकारी एवं उनके विचारो पर महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सहित सभी ने सराहा था अति एसपी प्रतिभा पाण्डेय को मुख्यंमत्री के हाथो सम्मानित किये जाने से पुलिस विभाग भी गौरवान्वित हुआ जिले के पुलिस अधिकारियो ने उन्हे बधाई दी। उल्लेखनीय है जिले में बालिकाओ के अपहरण सहित महिला संबंधी अपराधों के साथ ही महिला जागरूकता उडान सहित विभिन्न कार्यक्रम उनके निर्देशन में कुशलता से संचालित हो रहे हैं। जिससे कई मामले में जिला पुलिस का प्रदेश में उल्लेखनीय स्थान हैं हाल ही में मुंगेली प्रवास पर आईजी ने भी जिला पुलिस के कार्यो का सराहा था।सम्मान मिलने पर प्रतिभा पाण्डेय ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के मार्गदर्शन में वे बेहतर कार्य कर पाती है,उन्होने सम्मान के लिए महिला आयोग का आभार जताया।

अभिव्यक्ति एप का प्रचार

मुंगेली/नवप्रदेश। थाना कोतवाली एवं महिला परामर्श की टीम द्वारा ग्राम जमहा एवं भरदा के साप्ताहिक बाजारों तथा बस स्टैंड, दाउपारा, पड़ाव चैक में उड़ान रथ एवं बैनर-पोस्टर के माध्यम से अभिव्यक्ति एप का प्रचार कर रही है। पुलिस अभिव्यक्ति एप की जानकारी देकर एप डाउनलोड कराकर इस संबंध में जागरूक कर रही है। जिला पुलिस मुंगेली द्वारा बाल सुरक्षा एवं विकास तथा अभिव्यक्ति के विभिन्न आयामों को शामिल कर उड़ान, सामर्थ्य का हौसले का अभियान की शुरूआत की गई है। उड़ान अभियान के अंतर्गत अभिव्यक्ति एप, हमर बेटी, हमर मान, टोल फ्री नम्बर, गुड टच, बैड टच, अपराध की जानकारी दी गई।

हमने की आवासहीनों की आवाज बुलंद: नितिन

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन के तहत बुधवार को रायपुर में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। जिसकी तैयारी व दायित्व को लेकर भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर संभाग की बैठक प्रदेश भाजपा के सहप्रभारी नितिन नबीन ने भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों से चर्चा की। संभागीय बैठक में बिलासपुर, जांजगीर चांपा, सक्ती, रायगढ़, कोरबा, सारंगढ़, गौरेला पेंड्रा मरवाही, मुंगेली के पदाधिकारी उपस्थित थे । बैठक की शुरुआत भारत माता, पं.दीनदयाल उपाध्याय, डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलित कर की गई। संभागीय बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा ने मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन चलाकर आवासहीनों की आवाज बुलंद की है। प्रदेश भाजपा का कार्यक्रम मोर आवास मोर अधिकार अभियान आवासहीन गरीब जनता के हितों को लेकर है और भारतीय जनता पार्टी संकल्पबद्ध है कि गरीबों को उनका आवास दिलवा कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 15 मार्च को हितग्राहियों को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस विधायकों को जगाने के लिए भाजपा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधायकों का घेराव किया है। परंतु यह सरकार आवासहीन गरीबों की ओर आंख मूंदकर बैठी है। विधानसभा घेराव कर हम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग करेंगे कि प्रधानमंत्री आवास योजना हमारे प्रदेश में तत्काल लागू करें और गरीबों का हक दें। हमारी मांग को प्रभावी बनाने के लिए बिलासपुर संभाग के प्रत्येक विधानसभा से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को मोर आवास मोर अधिकार के हितग्राहियों के साथ विधानसभा घेराव में शामिल होना है। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, लखन देवांगन, भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, बिलासपुर संभाग सहप्रभारी अनुराग सिंहदेव, मोतीलाल साहू, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, हर्षिता पांडेय, राजा पांडे, घनश्याम कौशिक, मोहित जायसवाल, गुलशन ऋषि सहित संभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

भारत विकास परिषद को सर्वश्रेष्ठ इकाई एवं सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के अवार्ड से नवाजा गया

कोरबा। भारत विकास परिषद का प्रांतीय अधिवेशन रायपुर में गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। इस दौरान कोरबा को सर्वश्रेष्ठ इकाई एवं सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो कि कोरबा के लिए गौरव की बात रही। भारत विकास परिषद के जिला अध्यक्ष महेश गुप्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि भारत विकास परिषद का प्रांतीय अधिवेशन रायपुर में गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भारत विकास परिषद के कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके पश्चात् विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरण किया गया, जिसमें कोरबा इकाई को सर्वश्रेष्ठ इकाई एवं कोरबा जिला अध्यक्ष महेश गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री गुप्ता ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी सदस्यों के विशेष सहयोग, मेहनत, सहभागिता एवं प्रांतीय अध्यक्ष धर्मेन्द कुदेसिया एवं रिजनल संरक्षक एमडी माखीजा के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा जताई। इस दौरान कोरबा इकाई के सदस्य कैलाश अग्रवाल को वर्ष 2023-24 के लिए प्रांतीय महासचिव चुना गया, जिस पर सभी सदस्यों ने हर्ष जताया।

पैदल चाल में कमाल, अब अमित उज्बेकिस्तान में दिखाएंगे दम

■ **कर्नाटक में आयोजित थी 18वीं नेशनल एथलेटिक्स स्पर्धा**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के एथलेटिक्स खिलाड़ी अमित कुमार उज्बेकिस्तान में जौहर दिखाएंगे। कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय अंडर-18 एथलेटिक्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन भारतीय टीम में हुआ है। यह राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। संघ भी खुश है कि प्रदेश से अब लगातार होनहार खिलाड़ी उभरकर सामने आ रहे हैं।

आल इंडिया एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वावधान में 10 से 12 मार्च तक कर्नाटक में 18वीं नेशनल अंडर-18 एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस स्पर्धा में अन्य राज्यों के अलावा छत्तीसगढ़ की टीम भी शिरकत की। टीम में चार खिलाड़ियों का चयन किया गया था। इनमें एक अमित कुमार भी है। दुर्ग अमित कुमार वर्तमान में बिलासपुर के बहतराई स्थित एकेडमी प्रशिक्षण ले रहे हैं। अपनी बेहतर प्रदर्शन के दम पर पहले जिला और उसके बाद राज्य की टीम भी जगह बनाई। राष्ट्रीय स्पर्धा के दौरान अमित ने 10 किमी पैदल चाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तृतीय स्थान पर रहे।

इसके लिए उन्हें कांस्य पदक से नवाजा गया। इतना ही नहीं स्पर्धा में मौजूद चयन समिति ने उन्हें भारतीय टीम के लिए भी चयनित किया। अब वे उज्बेकिस्तान में आयोजित पांचवीं एशियन यूथ एथलेटिक्स स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमित के अलावा छत्तीसगढ़ टीम में शामिल सोनिका रजवाड़े ने भी 3,000 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान अर्जित किया। लेकिन वह भारतीय टीम में जगह नहीं बना सकी।

चार में एक खिलाड़ी के चयन से छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ खुश है। पदाधिकारियों का मानना है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के एथलेटिक्स खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ की झोली में पदकों का आंकड़ा और बढ़ेगा। संघ की अगवाई में खिलाडियों में नए जोश देखने को मिल रहा है। यहीं वजह है कि उनके लिए संघ ने कई योजनाएं बनाई है। जिससे न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। बल्कि नए खिलाड़ी भी उभरकर सामने आएंगे।

खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, खेल मंत्री उमेश पटेल, सांसद अरुण साव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, तखतपुर विधायक रश्मि सिंह , बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे, बेलतरा विधायक रजनीश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, महापौर रामशरण यादव, छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जी एस बंबरा, एथलेटिक्स फेडरेशन आफइंडिया के उपाध्यक्ष जी एस पटनायक , अमरनाथ सिंह व प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार व अन्य प्रशंसा जाहिर करते हुए आगे भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई।

इस स्पर्धा में अनिभेष रहे प्रथम

पिछले दिनों हरियाणा के पंचकुला में आल इंडिया फारेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें भी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अनिमेष कुजूर ने शानदार प्रदर्शन किया। 100 मीटर में 10 : 50 सेकंड , 200मीटर में 21: 30 सेकंड में दौड़ पूरी की गई। वे इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे।

अंचल में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां प्रांरभ

मुंगेली/नवप्रदेश। की जा रही है। सभी देवी मंदिरों को साफ-सफाई पुताई कर सजाया जा रहा है। साथ ही मनोकामना ज्योति कलश रखने के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है।नवरात्रि के दिन से हिन्दू नववर्ष, गुड़ीपड़वा व झूलेलाल का जन्म दिन भी मनाया जाता है। जिसके लिए समाज के लोग अपने-अपने स्तर से तैयारी प्रारंभ कर देते हैं।

चैत्र नवरात्रि की तैयारी मंदिरों मे शुभारंभ हो गया है। युवा वर्ग भी हिन्दू नव वर्ष मनाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। माता के दरबारों को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। अपनी मनोरथ पूर्ति के लिए लोग मंदिरों के ज्योति कलश की स्थापना करते हैं। जिसके लिए मंदिरों में अपने नाम दर्ज करवाना प्रारंभ कर दिया गया है। क्षेत्र के सभी देवी मंदिरो में नवरात्रि तक भक्तिमय माहौल मे श्रद्धा आस्था नजर आयेगी। नगर के मध्य में विराजित मां महामाया मंदिर में नवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों की विशेष भीड़ रहती हैं। प्राचीन मूर्ति एवं मान्यता के चलते पूरे वर्ष भर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती हैं। नवरात्र में भक्त मां के विविध रूपों में की पूजा-अर्चना करते हैं। ज्योति कलश प्रज्वलित करवाने के लिए श्रद्धालु भक्तजन विभिन्न देवी मंदिरों में संपर्क कर ज्योति कलश प्रज्वलित करा रहे हैं। हिन्दू नववर्ष वर्ष प्रतिपदा से नवरात्र 22 मार्च से प्रारंभ होगा।नवरात्रि में भक्तजन मां दुर्गा की आराधना में लीन रहेगें।नगर के हृदयस्थल में विराजित मॉ महामाया का दर्शन अद्भुत एवं निराली है।नाथयोगी संप्रदाय के योगियों द्वारा 350 वर्ष पूर्व राजस्थान के आबूपर्वत स्थित बोहरखेड़ी नाथ अखाड़ा से लाया गया तत्पश्चात इसे वर्तमान स्थल पर मड़िया के रूप में स्थापित किया गया। जिसे 50 वर्ष पूर्व भवानी साव अंबिका साव द्वारा मंदिर के रूप में जीर्णोद्धार कराया गया। मंदिर के हवन कुंड एवं प्रांगण को दानदाता स्व तेजमल गोयल द्वारा निर्मित कराया गया। सिद्धपीठ के रूप में प्रसिद्ध यह मंदिर भक्तो के अगाध-श्रद्धा का केन्द्र है।चैत्र एवं क्वांर नवरात्रि में यहां बड़ी संख्या में भक्तगण मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराते है।नवरात्रि के दौरान मंदिर में दुर्गा सत्तशती का निरंतर पाठ भी किया जाता है तथा ज्योति कलश प्रज्जवलित की जाती है। मंदिर में पूरे विधि विधान से देवी के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती हैं। मान्यता है इन नौ दिनों तक देवी के विभिन्न रूपों की आराधना स्मरण का नियम और समयपूर्वक पालन किया जाए तो इससे न सिर्फ इच्छित फल की प्राप्ति होती है अपितु जीवन में आने वाले संकट से भी मुक्ति मिलती है।ज्योति कलश जलवाने वाले महामाया मंदिर दाऊपारा, सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, मल्हापारा स्थित महामाया मंदिर, खरीपार्रा स्थित काली मंदिर, पानी टंकी स्थित मां अंगार मोती माता मंदिर एवं पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर,करही स्थित दुर्गा मंदिर, हथनी कला अष्टभुजी दुर्गा मंदिर, लोहड़िया में महामाया मंदिर में ज्योति प्रज्जवलित करवाने वाले श्रद्धालूजन मंदिरों में भक्त अपनी मनोकामना के लिए ज्वारा व ज्योति के लिए राशियां एवं अपना नाम दर्ज करवा रहे है। मंदिरों के व्यवस्थापक एवं पुजारी नवरात्रि की व्यवस्था में जुटे हुए है। ग्राम कोदवाबानी में भी देवी मंदिरों में रंग रोगन के साथ नवरात्रि की तैयारियां ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।देवी मंदिरों की साफ-सफाई एवं रंग रोगन का काम तेजी से किया जा रहा है। ग्राम के मां शैलपुत्री व पेन्ड्री महामाया मंदिर में भी नवरात्रि की तैयारी में जुट गए हैं।मंदिर में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराने पंजीयन करने का कार्य चल रहा है।ग्राम देवरी एव जमकोर के मध्य में स्थित मां खुड़िया देवी ओगन पाठ मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी में ग्राम के लोग में लगे हुए है। मंदिर के आसपास के स्थानों को साफ-सफाई एवं ज्योति कलश कक्षों की लिपाई-पोताई कार्य चल रहा है।चैत्र नवरात्र 22मार्च दिन बुधवार को प्रारंभ है जो माता की दरबार मे नव दिनों तक जसगीत और जगराता कर मां महामाया की सेवा करेंगे।खुड़िया देवी मंदिर के पुजारी पंडित कृष्ण कुमार बड़गैया रहेंगे।

पीएम आवास पर झूठा आरोप लगा रही भाजपा : प्रमोद कुंजाम

नगरी/नवप्रदेश। जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस प्रमोद कुंजाम ने बताया कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद 13 लाख से अधिक पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं। शहरी क्षेत्रों में 2.47 लाख एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 10.57 आवास की मंजूरी हुई।जिसमें 8.41 लाख आवास पूर्ण हो चुके है, शेष में कार्य प्रगति पर है।कांग्रेस सरकार ने चार साल में 2100 करोड़ रुपये शहरी आवास में राज्यांश दिया है। मुख्यमंत्री ने बजट में भी प्रधानमंत्री आवास के लिये 3,238 करोड़ का स्वीकृति दिया है।उन्होंने आगे कहा की भाजपा प्रदेश में पूर्ण रूप से मुद्दा विहीन हो चुकी है। पीएम आवास पर भाजपा सियासत करने की कोशिश कर रही है प्रदेश की जनता को गुमराह करने के प्रयास में जुटी हुई है ।भाजपा के नेता झूठे आरोप लगा रहे है।जबकि केंद्र सरकार के भेदभाव के बावजूद सबको आवास देने का प्रयास भूपेश सरकार कर रही है।

जल्द आएगी एनएमसी, पीजी सीट बढ़ाने के लिए है दौरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) ने मेडिसिन डिपार्टमेंट में पीजी की सीट के लिए जल्द ही एनएमसी (नेशनल मेडिकल कॉउंसिल) अधिकारी आने वाले है। एनएमसी ने सिम्स प्रबंधन को पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। ऐसे में अब मेडिसिन की सीट के लिए जल्द ही निरीक्षण होगा।

कुछ दिनों पहले ही आयुष विश्वविद्यालय की टीम ने सिम्स का निरीक्षण किया था। इसके बाद एनएमसी के अधिकारी भी निरक्षण के लिए पहुचे। इस दौरान टीम ने मेडिसिन विभाग का जायजा लिया। साथ ही कॉलेज पहुचकर पढ़ाने के तरीकों का अवलोकन किया। टीम ने बताया कि निरीक्षण की रिपोर्ट भेजा जाएगा। यदि एनएमसी को लगा कि सिम्स को मेडिसिन की सीट दी जा सकती है तो वह निरीक्षण के लिए आएगी। वही रिपोर्ट मिलने के बाद एनएमसी ने सिम्स प्रबन्धन को जानकारी दी है कि संभवत इस सप्ताह अधिकारी निरीक्षण के लिए सिम्स पहुचेगे, आयुष विश्वविद्यालय की टीम का फीडबैक अच्छा रहा है। मालूम हो कि अभी सिम्स में अभी पीजी की 36 सीट की मान्यता मिली है। जबकि सबसे महत्वपूर्ण डिपार्टमेंट मेडिसिन अब भी खाली है। ऐसे में सिम्स प्रबंधन ने मेडिसिन डिपार्टमेंट को पीजी सीट के लायक बताया है। प्रबन्धन के मुताबिक 100 बेड का हाई टेक वार्ड ही पीजी सीट के लिए काफी है। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले ही गायनिक की पीजी सीट के लिए एनएमसी का निरीक्षण हो चुका है, वही फिर से सिम्स प्रबंधन ने एनएमसी को जानकारी दी है कि मेडिसिन, आर्थोपेडिक और गायनिक की पीजी सीट के लिए तमाम संसाधन व सुविधा जुटा लिया गया है, ऐसे में इनकी पीजी सीट की पढ़ाई में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। वैसे सिम्स के अधिकारियों का कहना है कि इस बार पीजी की सीट में बढ़ोतरी होना तय होगी।

स्कूल का ताला तोड़कर बच्चों का राशन ले गए चोर

■ **पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम गिधपुरी में चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर बच्चों का राशन पार कर दिया**

बिलासपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम गिधपुरी में चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर बच्चों का राशन पार कर दिया। साथ ही स्कूल की घंटी भी ले गए। प्रधान पाठक ने इसकी शिकायत पचपेड़ी थोन में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कचंदा निवासी रितेश कुमार कश्यप शिक्षक हैं। उनकी पोस्टिंग पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम गिधपुरी में है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 11 मार्च की सुबह छुट्टी के बाद वे स्टाफ के साथ अपने घर चले गए। सोमवार की सुबह वे स्टाफ के साथ स्कूल पहुंचे। इस दौरान उनके कार्यालय का ताला टूटा हुआ था। दरवाजा खोलकर वे अंदर गए तो मध्यान्ह भोजन के लिए रखे दो क्विंटल चावल गायब थे। साथ ही पीतल की घंटी भी गायब थी। उन्होंने इसकी जानकारी गांव के सरपंच बालाराम जांगड़े, स्कूल समिति के सदस्य नरेंद्र पटेल और जितेंद्र मानिकपुरी को दी। साथ विभाग के अधिकारियों को चोरी की सूचना दी। अधिकारियों के निर्देश पर उन्होंने पचपेड़ी थाने में चोरी की शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

गांव में ली संदेहियों की जानकारी

स्कूल में चोरी की सूचना पर पचपेड़ी पुलिस की टीम गांव पहुंच गई। जवानों ने गांव के लोगों से चोरी के संबंध में जानकारी जुटाई। साथ ही गांव के संदेहियों के संबंध में पूछताछ की है। इसके बाद पुलिस की टीम ने कुछ संदेहियों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की है। उनके बयान के आधार पर आगे की जांच की जा रही है।

स्टाफ से भी की पूछताछ

प्रधान पाठक की शिकायत पर पुलिस की टीम ने स्टाफसे भी घटना के संबंध में जानकारी ली है। स्टाफने बताया कि स्कूल की छुट्टी के बाद सभी अपने घर चले गए थे। दूसरे दिन रविवार होने के कारण स्टाफ स्कूल नहीं पहुंचा। सोमवार को स्कूल खुलने पर स्टाफके सदस्य स्कूल पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई।

पत्नी की हत्या कर दस साल से फरार आरोपित गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मामूली विवाद पर पत्नी की हत्या कर 10 साल से फरार चल रहे आरोपित को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित इस दौरान दूसरे शहरों में रह रहा था। होली पर्व के दौरान वह गांव आया था। इसकी सूचना पर पुलिस की टीम ने गांव में दबिश दी। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है।

कोरबा जिले के बांगो थाना अंतर्गत कोनकोना में रहने वाले गोविंद सिंह कंवर(46) की शादी रतनपुर क्षेत्र में रहने वाली कुंवर बाई से हुई थी। महिला 2013 में अपने मायके आई थी। उसके साथ पति गोविंद सिंह भी आया था। इसी दौरान पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर गोविंद ने अपनी पत्नी कुंवर बाई की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस की टीम ने आरोपित के ठिकाने पर दबिश दी। इस दौरान वह चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया। तब से वह फरार चल रहा था। न्यायालय से उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया। इधर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच पता चला कि आरोपित दूसरे शहर में काम करता है। वह त्योहार और अन्य अवसर पर परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए आता है। इस पर पुलिस ने गांव में मुखबिर तैयार किया। मुखबिर को आरोपित के गांव आने पर पुलिस को सूचना देने कहा गया। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित गोविंद होली पर्व पर अपने गांव आया हुआ है। इस पर थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा ने जवानों को बांगो रवाना किया। जवानों ने गांव में दबिश देकर आरोपित गोविंद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

कैंपस प्लेसमेंट का आयोजित आज

नगरी/नवप्रदेश। कार्यालय अधीक्षक शासकीय कार्यालय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नगरी सिहावा में द प्लेयर सुजुकी मोटर गुजरात के द्वारा 15 मार्च दिन बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजित किया जा रहा है जिसमें फिटर वेल्डर इलेक्ट्रिशियन मैकेनिक डीजल मशीनिस्ट मोटर मेकेनिक व्यवसायों से उत्तीर्ण पुरुष प्रशिक्षणार्थी जिसकी उम्र 18 से 20 हो प्लेसमेंट के लिए पात्र होंगे कैंम्पस साक्षात्कार हेतु अभ्यार्थी 10 वी अकसूची आईटीआई अंकसूची आधार कार्ड पैन कार्ड एवं दो फोटो पासपोर्ट साइज के साथ 9:00 बजे आईटीआई देवपुर नगरी में उपस्थिति हो गए

सोनार समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। सोनार समाज के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन श्रीराम मंदिर शारदा भवन में किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवल कर किया गया। वरिष्ठजनों ने समाज के कल्याण व उज्जवल भविष्य की कामना की। मंचस्थ अतिथियों एवं उपस्थित सभी सदस्यों का तिलक लगाकर व पुष्पाहार से लक्ष्मीकांत सोनी, विजय सोनी, अजय सोनी, राजेश सोनी ने अतिथियों का सम्मान किया। राजेश सोनी व लक्ष्मीकांत सोनी के द्वारा कविता पाठ किया गया। सभापति दिनेश सोनी ने अपने उद्बोधन में समाज को सही दिशा निर्देशन एवं ईमानदारी से अपना कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मनहरण लाल सोनी ने समाज के कार्यो में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। समाज के सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की। कुछ दिनों पहले सोनी समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं मार्गदर्शक रामगोपाल सोनी एवं विष्णु सोनी का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण उनके द्वारा किये गये सामाजिक कार्यो को याद कर संवेदना व्यक्त करते हुए समाज के सदस्यों द्वारा उन्हे भावभीनी श्रद्धांजली दी गयी तथा सादगी पूर्ण ढ़ंग से होली मिलन समारोह मनाया गया।

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की अलख जगाने आंदोलन आज

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन की अलख जगाने 15 मार्च को भारतीय जनता पार्टी एक बड़ा आंदोलन करने जा रही है। प्रदेश भर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और आवास से वंचित आम जनता राजधानी रायपुर पहुंचकर विधानसभा रोड में हल्ला बोल कर जंगी प्रदर्शन करेगी और विधानसभा का घेराव कर छत्तीसगढ़ के इतिहास का अब तक सबसे बड़ा प्रदर्शन करेगी।

जिला भाजपा के अध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि अपने आवास के अधिकार से वंचित छत्तीसगढ़ की जनता अब विधानसभा का घेराव कर अन्याय के विरुद्ध अपनी अंतिम लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रमुख नेताओं और पदाधिकारियों के नेतृत्व मे जिले से 3500 से अधिक लोग इस कार्यक्रम मे शामिल होंगे। प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जिले की दोनों विधानसभा मे इस आंदोलन की तैयारियों के लिये सभी प्रमुख नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है और संगठन के सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस आंदोलन मे शामिल होने आम लोगों को न्यौता दे रहे हैं। सैकड़ों स्थानों पर दीवार लेखन और पोस्टर इत्यादि लगाकर भी इस आंदोलन को जन आंदोलन बनाया जा रहा है। मोर्चा, प्रकोष्ठ सहित सभी को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जनप्रतिनिधि भी जनता के बीच जाकर उनका समर्थन इस आंदोलन के लिये मांग रहे हैं। कांग्रेस की सरकार मे पूर्णतरू निराश हो चुकी छत्तीसगढ़ की आम जनता का विश्वास इस मुद्दे को लेकर केवल भाजपा के प्रति है। पूर्वमंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या मे इस आंदोलन मे अपनी सहभागिता देने की अपील की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश भर मे लगभग 16 लाख से अधिक परिवार ऐसे हैं। जिनको पिछले 4 वर्षो मे आवास हेतु धनराशि का आबंटन होना था।

न्यूज गैलरी

रोजगार मेले का आयोजन 17 मार्च को

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में संकल्प योजना के तहत जिले में 17 मार्च 2023 दिन शुक्रवार को समय प्रातः 10 बजे से लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में सिक्योरिटी गॉर्डस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मोटर मैकेनिक, सुपरवाईजर, वेल्डर, सेल्समेन, वेटर आदि के कुल 755 विभिन्न रिक्त पदों में भर्ती हेतु नियोजक उपस्थित होंगे। अनुमानित वेतन एवं पदों की अधिक जानकारी हेतु संयुक्त जिला कार्यालय भवन परिसर दंतेवाड़ा एवं लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 10 से 04 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साईज फ़ोटोग्राफसहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है।

विधायक ने परमेश्वरी भवन का किया लोकार्पण

नगरी/नवप्रदेश। देवांगन समाज भेण्डी मण्डल को नवनिर्मित परमेश्वरी भवन के निर्माण कार्य विस्तार के लिये विधायक मद से साढ़े छः लाख रूपये दिये जाने की घोषणा सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने की। सिहावा विधान सभा के मगरलोड विकासखण्ड के देवांगन समाज भेण्डी मण्डल द्वारा भैंसमुण्डी (मगरलोड) में नवनिर्मित परमेश्वरी भवन के लोकार्पण के कार्यक्रम के आयोजन में सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर परमेश्वरी भवन का लोकार्पण की। देवांगन समाज के सचिव यादराम देवांगन ने चर्चा के दौरान बताया कि यह नवनिर्मित सामाजिक भवन के निर्माण कार्य में नगर पंचायत मगरलोड के पार्षद मत से तीन लाख रूपया एवं देवांगन समाज के लोगों से आठ लाख रूपया की राशि एकत्रित करके इस सामाजिक भवन को निर्मित कराया गया है एवं नवनिर्मित परमेश्वरी भवन के निर्माण कार्य विस्तार किये जाने हेतु देवांगन समाज के लोगों के द्वारा क्षेत्रीय विधायक डॉ. श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव से साढ़े 06 लाख रूपये की मांग विधायक मद से दिये जाने हेतु की गई। जिस पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती ध्रुव ने उक्त विधायक मद की राशि को प्रदान किये जाने की घोषणा किया गया।

शहीद आदित्य कुमार को श्रद्धांजलि

नगरी/नवप्रदेश। बस्तर में नक्सली मुठभेड़ में दिनांक 11-3-2014 को शहीद हुए ग्राम भैंसासंकरा निवासी सीआरपीएफ जवान आदित्य कुमार साहू का श्रद्धांजलि सभा ग्रामवासियों द्वारा रखा गया। वीर शहीद आदित्य कुमार साहू श्रद्धांजलि देने विशेष रूप से श्रीमती दिनेश्वरी नेताम, अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, महेन्द्र नेताम, जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा जिला धमतरी, अमिता दुबे साहित्यकार, चेलेश्वरी साहू सोशल मीडिया प्रभारी एवं विशेष रूप से शहीद के माता श्रीमती भामा साहू, पिता मूलचंद साहू, एवं बहन सीमा साहू उपस्थित थे। ग्रामवासियों के साथ सभी जनों ने शहीद आदित्य कुमार साहू के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किये। उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रख कर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। आयोजकों ने शहीद आदित्य कुमार साहू को जन्म देने वाले माता पिता का सम्मान किया। शहीद आदित्य कुमार साहू के सम्मान में 2015 से प्रतिवर्ष ग्राम भैंसासंकरा के मुकेश मरकाम, दिलीप सोम, अगेश्वर सोम, यशवंत साहू, शरद साहू, मिश्रीलाल साहू, रामसिंह यादव, रविन्द्र यादव, ओम बिसेन, सुमित तिवारी, भानेन्द्र मुकेश साहू, यशवंत नागे, त्रिलोक करूणाशंकर द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर देशप्रेम की भावना को जागृत करने का प्रयास किया जाता है।

सामूहिक विवाह के साक्षी बने जनप्रतिनिधि

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम फरसियां में 28 जोड़े निर्धन कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम की साक्षी बने दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष-जनपद पंचायत नगरी, अमिता दुबे वरिष्ठ साहित्यकार सिहावा क्षेत्र, चेलेश्वरी साहू सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा महिला मोर्चा, महेन्द्र नेताम, सरपंच मुनईकेरा एवं जिलाध्यक्ष भाजपा अजजा मोर्चा, धमतरी ने सभी नव विवाहित युगल को भावी जीवन की शुभकामनायें दी। अतिथियों ने सभी नवयुगल को भोजन परोसकर एक साथ पंगत में बैठकर भोजन किया। इस सत्र की यह पहली शादी थी, नगरी विकासखंड के विभिन्न सुदूर गांवों से नव युगल सामूहिक विवाह में शामिल हुए। सभी नव युगल अंत में मां महामाई का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किये। इस दौरान वर वधु के परिजन, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के अलावा महामाई फरसियां ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कुकरेल में कवियों का होली मिलन

नगरी/नवप्रदेश। कुकरेल राष्ट्रीय कवि संगम इकाई के तत्वावधान में अध्यक्ष कुलदीप सिन्हा दीप के संयोजन में 12 / 03 / 2023 को होली मिलन समारोह का आयोजन कुकरेल में किया गया। जिसमें कवि बृजलाल दावना, बेबी सेलिना भैंसबोड़ योगिता साहू फुलकैना चोरभट्ठी, पदमिनी साहू सेनचुआ, मोहन कंसारी नारी, छगुलाल चंद्राकर अंकित छुही, जागेन्द्र सिन्हा कंहारपुरी कुरूद ने काव्यपाठ कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मेहतरू राम साहू, विशिष्ठ अतिथि अनिता शर्मा, कमलनारायण जी सिन्हा, चंद्रकला साहू, कृष्णा सिन्हा, जैराम साहू,एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर खुशहाल महिला खुशहाल परिवार विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से आदरणीया ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी जिला धमतरी, श्रीमती अनीता दुबे (कवित्री), श्रीमती शैल चंद्रा (प्राचार्य एवं लेखिका) श्रीमती संध्या मानिकपुरी जी, श्रीमती महमूदा खान (प्राचार्य), श्रीमती चेलेश्वरी साहू (प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी महिला मोर्चा छ.ग.) श्रीमती सीमा जैन तथा ब्रम्हाकुमारी सरस बहन, ब्रम्हाकुमारी भावना बहन, ब्रम्हाकुमारी स्वाति बहन, ब्रम्हाकुमारी साधना बहन, ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी, ब्रम्हाकुमारी चंद्रमुखी बहन, सहित नगरी अंचल के लगभग 150 माताएं एवं बहने शामिल हुई सर्वप्रथम सभी ने कुर्सी दौड़ एवं पासिंग गेम के साथ मनोरंजन खेल का आनंद उठाया तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर परमात्मा को याद करके किया गया तथा ब्रम्हाकुमारी बहनों द्वारा सभी अतिथियों सहित अंचल से आई हुई सभी माताओं और बहनों को बैच लगाकर अभिवादन किया गया प्रिय संस्था की बहनों द्वारा नारी तू शक्ति है गीत पर मनमोहक नृत्य किया गया तत्पश्चात आदरणीया राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी सरिता दीदी जी ने अपने दिव्य उद्बोधन में महिला दिवस की अनंत शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि नारी के बिना संसार की कल्पना असंभव है नारी इस संसार की आधारशिला है नारी जननी है संपूर्ण संसार की वह धुरी है इस धरा पर जीवन की उन्होंने कहा कि नारी एक चिन्ह है त्याग, तपस्या, दया, करुणा, क्षमा, ममता व सम्मान की नारी ईश्वर की बनाई हुई अनुपम कृति है आगे कहा परिवार समाज व देश को सशक्त बनाने में नारी का अहम भूमिका होती है नारियां अपने भीतर निहित गुणों को पहचान कर श्रेष्ठ संस्कारों का बीज डालकर परिवार को सुखमय और श्रेष्ठ बनाने तथा सब के प्रति देने की शुभ भावना रखते हुए प्रेम खुशी व सहयोग देने का कार्य करती है उनकी मन की दशा घर परिवार तथा वातावरण को सबसे अधिक प्रभावित करती है सरिता दीदी जी ने आगे कहा नारी अपना आध्यात्मिक व नैतिक शाब्दीकरण करें अपने कल्याणमयी तथा शक्ति स्वरूप को पहचान कर अच्छे परिवार समाज व विश्व नव निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें साथ ही नियमित मेडिटेशन के अभ्यास से एकाग्रता मनोबल विश्वास को बढ़ाएं।

सुपोषण केन्द्रों के माध्यम से 4 हजार 412 बच्चे कुपोषण से हुए मुक्त

- कुपोषण को मिल रही मात जब मिला मुख्यमंत्री सुपोषण योजना का साथ
- योजना से मिल रहा स्वास्थ्य वर्धक आहार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सकारात्मक सुधार एवं पोषण व्यवहार में परिवर्तन हेतु आदिवासी बाहुल्य दंतेवाड़ा जिले में माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जिले में कुपोषण एवं एनीमिया के दर में कमी लाने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक, प्रोटीन, आयरन युक्त खाद्य सामाग्रियों का अपने दैनिक जीवन में शामिल करना है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत जिले में सुपोषण केंद्र के माध्यम से 1 से 3 वर्ष के सामान्य एवं कुपोषित बच्चे, शिशुवती माताओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से 3 से 6 वर्ष के बच्चे तथा गर्भवती माताओं को लाभांवित किया जाता है। मुख्य रूप से इस योजना में अपने घरों में उपयोग आहार के साथ-साथ अतिरिक्त आहार के रूप में उनके शरीर को दैनिक आवश्यकता प्रोटीन एवं वसा की मात्रा को पूर्ति एवं जन सामान्य में कुपोषण एवं एनीमिया के विरूद्ध जन जागरूकता लाना एवं इससे निपटने के लिए वातावरण तैयार करना है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कुपोषण के विरुद्ध लड़ने सुपोषण योजना की शुरुआत 2 अक्टूबर 2019 को किया था। योजनान्तर्गत बच्चों और माताओं को प्रति दिवस मुफ्त पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है। शासन द्वारा खाने में अंडे, गुड़ और मूंगफली से बने लड्डू उपलब्ध कराई जा रही है। यह योजना लाभकारी सिद्ध हुई है बच्चों, महिलाओं को पौष्टिक आहार मिलने से कुपोषण की दर घटी है गर्भवती माताओं की मृत्यु दर में कमी आयी है जिले के आंगनबाड़ियों के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान ने कुपोषण से मुक्ति दिलाने में अहम योगदान दिया है लोगों को कुपोषण से निजात दिलाने के लिए स्थानीय स्तर पर भी प्रयास जारी है आंगनबाड़ी दीदियों द्वारा गर्भवती माताओं के खानपान, संतुलित आहार साफ़सफ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। घर-घर भेंट कर गर्भवती माताओं पौष्टिक व्यंजनों, बच्चों का उचित देखभाल, गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण और उनका टीकाकरण, आदि के बारे में जानकारी देकर बताया जा रहा है योजना की शुरुआत से अब तक मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से 94 हजार 828 लोग लाभान्वित हुए है साथ ही 4 हजार 412 बच्चे कुपोषण से मुक्त हुए है।

भ्रष्टाचार की स्वतंत्र जांच हो, मुख्यमंत्री दें इस्तीफा

डीएमएफ राशि में बंदरबांट कांग्रेस के आदिवासी विरोधी होने का प्रमाण : विकास मरकाम

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के अपने ही सरकार पर जिला खनिज न्यास (डस्ट्र) में बंदरबांट के आरोप पर बयान जारी करते हुए कहा जिस भ्रष्टाचार की आग को कांग्रेसी 4 साल से हवा देते रहे। उसमे कांग्रेसी विधायक स्वयं झुलस रहे हैं। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने डीएमएफ में करोड़ों रुपए के बंदरबांट का पर्दाफाश विधानसभा में किया। इससे ठीक एक साल पहले कोरबा कलेक्टर पर स्थानीय कांग्रेस विधायक एवं मंत्री ने डीएमफफंड में 600 करोड़ के गड़बड़ी का आरोप लगाया था। जुलाई 2022 में रायपुर में डीएमएफ फंड से कृषि उपकरणों की खरीद में 200 करोड़ के बंदरबांट का मामला सामने आया।

कांग्रेसियों के जेब पोषण का जरिया बना डीएमएफ : विकास मरकाम ने कहा अपने पूरे कार्यकाल में भूपेश सरकार ने डीएमफ को अपनी काली कमाई का जरिया और कांग्रेसियों के पेट और जेब पोषण का माध्यम बना रखा है। भ्रष्टाचार और लूट का वातावरण कितना भयावह है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि खुद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को विधानसभा में मामला उठाना पड़ा। कमेटी की मांग और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करनी पड़ी। मोहन मरकाम ने करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप अपने ही सरकार पर लगाकर सिद्ध कर दिया कि भूपेश सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है।

भूपेश सरकार आदिवासी विरोधी प्रमाणित हुआ: विकास मरकाम ने कहा मोहन मरकाम के आरोप से भूपेश सरकार के आदिवासी विरोधी होने का भी प्रमाण मिल गया क्योंकि कोरबा से लेकर कोंडागांव तक जिस प्रकार आदिवासियों के बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए प्राप्त होने वाले धन का दुरुपयोग किया गया है वह आदिवासी विरोधी सरकार ही कर सकती है। सुदूर आदिवासी समाज में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा की हालत कांग्रेस सरकार में दयनीय हो गई है।

भ्रष्टाचार छुपाने के आरोप में मोहन मरकाम को हो जेल

विकास मरकाम ने कहा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भ्रष्टाचार छुपाने के मामले में उन्हें जेल होना चाहिए क्योंकि भ्रष्टाचार पर साढ़े चार साल तक पर्दा डालकर खाने खिलाने का खेल करते रहे और अब जब प्रदेश अध्यक्ष पद से उनकी विदाई तय हो गई तो भ्रष्टाचार के मामले उजागर कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारा विधानसभा में लगाए गए आरोप के बाद भूपेश बघेल को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बनता।

जिले के विभिन्न कार्यालयों का संभाग आयुक्त डॉ अलंग करेंगे निरीक्षण

- राजस्व अधिकारियों की लेंगे बैठक

कोरिया/नवप्रदेश। सरगुजा सम्भाग आयुक्त डॉ संजय कुमार अलंग बुधवार 15 मार्च को जिले में विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करेंगे। संभागायुक्त डॉ अलंग सुबह 08:30 बजे बिलासपुर से बैकुंठपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। 11:00 बजे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसील कार्यालय बैकुण्ठपुर का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर 12:00 बजे जिला कार्यालय कोरिया के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेंगे। 01:30 से 02:00 बजे तक का समय सर्किट हाउस बैकुण्ठपुर में आरक्षित रहेगा।

इसके बाद संभागायुक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। ततपश्चात शाम 04:30 बजे बैकुण्ठपुर से अम्बिकापुर हेतु प्रस्थान करेंगे।

इसी प्रकार 17 मार्च को संभागायुक्त डॉ अलंग सी-मार्ट बैकुण्ठपुर का निरीक्षण करेंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत विकास कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे। चेरवापारा, बैकुण्ठपुर में अमृत सरोवर का निरीक्षण, ग्राम गौठान मझगवां में रीपा एवं गोबर पेंट ईकाई का निरीक्षण, ग्राम मुड़ीझरिया में जल जीवन मिशन कार्य का निरीक्षण एवं ग्राम जामपानी और डुमापानी में नरवा कार्य का निरीक्षण शामिल है। निरीक्षण के पश्चात डॉ अलंग बैकुण्ठपुर से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने को 10 प्रतिशत सब्सिडी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। परिवहन विभाग ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 के तहत राज्य में इलेक्ट्रिकल्स संचालन को बढ़ावा देने हेतु यथा दो पहिया, तिपहिया, चार पहिया (नॉन कमर्शियल) चार पहिया (कमर्शियल), माल वाहक यात्री वाहन एवं अन्य श्रेणी के बैटरी चलित इलेक्ट्रिक व्हीकल्स दश्ङ्ड नीति 2022 लागू करता है। छत्तीसगढ़ के नागरिकों के स्थायी भविष्य के लिए, स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करना। वाहनों के कारण तेजी से बढ़ रही जहरीली गैस उत्सर्जन आदि जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक बिगड़ता है, इसे कम करने की योजना बना कर क्रियान्वित करना। बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाना ताकि 2027 तक सभी नए वाहन पंजीकरण में श्ङ्खङ्क का 15 प्रतिशत का योगदान हो और परिवहन क्षेत्र से उत्सर्जन को कम करके छत्तीसगढ़ के पर्यावरण में एक भौतिक सुधार लाया जा सके। खरीदी के लिए प्रोत्साहन इलेक्ट्रिक व्हीकल्स दश्ङ्ड्ड नीति 2022 के अनुसार राज्य के द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के मूल्य (टैक्स छोड़कर) पर दस प्रतिशत या 1.5 लाख तक (जो भी कम होगा) खरीदी प्रोत्साहन राशि एवं इसी की खरीद पर पंजीकरण शुल्क में छूट दिया जा रहा है। जिला परिवहन कार्यालय में कुल 09 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत है, उक्त वाहन स्वामियों को प्रोत्साहन इलेक्ट्रिक व्हीकल्स दश्ङ्ड्डनीति 2022 के अनुसार 10 प्रतिशत की राशि हितग्राही के बैंक खाता क्रमांक में स्थानांतरण किया गया है।

महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

- ग्राम पंचायत बालूद और बालपेट को रेत खदान क्षेत्र घोषित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में आज जिला संयुक्त कार्यालय के डंकिनी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रिपा) अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रिपा) शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी विकास खंडों में दो-दो रिपा का स्थापना किया जा रहा है, इस कार्य को गंभीरता से किया जाए, साथ ही कहा कि आगामी दिवसों में रिपा का शुभारम्भ किया जायेगा। कलेक्टर ने अमृत सरोवर की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जमीनी स्तर पर भ्रमण करने के निर्देश दिए और अमृत सरोवर के निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करने को कहा। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के बारे में जानकारी लेते हुए योजना आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में चल रहे विकास कार्यों को प्राथमिकता से समय सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सके। प्रधान मंत्री आवास योजना अन्तर्गत वर्षवार स्वीकृत, पूर्ण, प्रगतिरत की जानकारी लेते हुए विकासखण्डवार साप्ताहिक स्थिति की जानकारी ली।

जिला स्तरीय समिति का बैठक संपत्र

समय सीमा बैठक के पश्चात आज रेत खदान संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में दंतेवाड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बालूद और ग्राम पंचायत बालपेट को रेत खदान क्षेत्र घोषित किया गया है इन खदानों से लोडिंग हेतु सीलिंग प्राइस 120 रुपए प्रति घन मीटर दर निर्धारण किया गया है। बैठक में वनमंडलाधिकारी सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ ललितादित्य नीलम, एसडीएम कुमार बिश्वरंजन, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित सभी अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

कलेक्टर विनीत नंदनवार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीण जन एवं आम नागरिकों द्वारा जनदर्शन में छोटी बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा गया।कलेक्टर नंदनवार ने आवेदन पर गंभीरतापूर्वक विचार कर संबंधित विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

वेतन विसंगति पर जवाब ....

अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है? मंत्री ने बताया कि समिति ने रिपोर्ट नहीं दी है? शर्मा ने पूछा कि समिति गठन के बाद क्या-क्या कार्यवाही की गई है? इस मुद्दे पर मंत्री उलझ गए, वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए. विधानसभा स्पीकर ने पूछा कि क्या समिति बनी है और बैठक हुई है? मंत्री ने बताया कि एक बैठक हो गई है. इस पर विपक्ष ने कहा कि जन घोषणा पत्र में उल्लेख था. अब कह रहे हैं कि उक्त घोषणा अप्रासंगिक हो गई है. शर्मा ने कहा कि वे उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं. अजय चंद्राकर ने भी सवाल दोहराया कि मंत्री ने उत्तर में यह स्वीकार किया है कि विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है, यह बता दें. इसके बाद स्पीकर ने कहा कि इस पर अलग से चर्चा की बात हो गई है तो उसमें जवाब आ जाएगा.

सहायक आयुक्त...

में नियमित वेतनमान की स्वीकृति प्रदान की गई है.

शुक्ल ने पूछा कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में शासन के क्या-क्या दिशा-निर्देश हैं. मंत्री ने बताया कि आकस्मिकता निधि नियमित वेतनमान के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है. शुक्ल ने आरोप लगाया कि यह गंभीर मामला है. भयानक भ्रष्टाचार हुआ है. गलत जवाब दिया गया है. 90 लोगों का नियमितीकरण किया गया है. चार साल से गायब दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को पैसा खाकर नियमित कर दिया गया. शुक्ल ने जांच की मांग की. मंत्री ने कहा कि वे मामले की जांच कराएंगे और सहायक आयुक्त को निलंबित करने का ऐलान कर रहे हैं.

करदाता राष्ट्र निर्माण ...

निर्माण व रखरखाव के लिये जिम्मेदार है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश की तेज प्रगति के कारण सड़कों, राजमार्गों, हवाई अड्डों जैसी सार्वजनिक परियोजनाओं तथा अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों और सरकारी कार्यालयों जैसी जन संस्थाओं की मांग में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि सीपीडब्ल्यूडी अधिकारियों व सहायक कार्यकारी अभियंताओं का लक्ष्य होना चाहिए कि वे ऐसी सुविधाओं का निर्माण करें, जो न केवल वर्तमान की जरूरतों को पूरा करें, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिये भी सतत भविष्य सुनिश्चित करें। राष्ट्रपति ने उनसे आग्रह किया कि वे परियोजनाओं को अधिक ऊर्जा-दक्ष, सतत और वातावरण-अनुकूल बनाने के लिये अभिनव तरीकों की पड़ताल करें।

पीएम मोदी की सुरक्षा...

के खिलाफ कार्रवाई में देरी का भी जिक्र किया गया।

पांच माह के निचले ...

की आशंका के कारण भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 0.44 प्रतिशत कमजोर होकर 82.49 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के आने का इंतजार कर रहे हैं। बीते शुक्रवार को जब बाजार बंद हुआ था उस समय बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 262.94 लाख करोड़ रुपए था, जो मंगलवार (14 मार्च) को घटकर 256.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इस तरह निवेशकों को बीते दो दिनों के कारोबार के दौरान 6.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। मंगलवार के दिन बाजार की गिरावट में आईटी, मेटल, रियल्टी और पीएसयू बैंकिंग सेक्टर के स्टॉक्स में गिरावट दर्ज की गई। वहीं इस दौरान अदाणी समूह के शेयरों में भी उतार-चढ़ाव का दौर दिखा। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 144.40 (7.70 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 1,730.00 रुपये प्रति शेयर के भाव पर पहुंच गए।

हंगामे के बाद ...

तो अध्यक्ष ने सदस्यों से शांत रहने और सदन की मर्यादा का पालन करने का आग्रह किया। विपक्षी सदस्यों को उन्होंने तख्तियां नहीं लहराने की चेतावनी दी, लेकिन उनके बात का सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ। अध्यक्ष की बात का हंगामा कर रहे सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ और वे तख्तियां लहराते रहे और नारेबाजी करते रहे। हंगामा बढ़ने पर श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी थी।

नहीं बच पाया 5 साल...

अहमदनगर जिले में साल 2017 में 7 साल का साई बरहाटे बोरवेल में गिर गया था. हालांकि उसे बचाया नहीं जा सका था. हरियाणा के कुरुक्षेत्र में साल 2006 में पांच साल का प्रिंस कुमार कश्यप 55 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया था. प्रिंस को बचाने के लिए एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था. करीब 48 घंटे बाद प्रिंस को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था.

सीएम से खींचतान के बीच...

उन्होंने संगठन में फेरबदल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष से विस्तार से चर्चा हुई है। प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व में बदलाव होने की संभावना है। सीएम के इस बयान के ठीक दो दिन बाद जब सोमवार को छग विधानसभा बजट सत्र की कार्रवाई शुरू हुई तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम ने अपनी ही सरकार को घेर लिया और अपने गृह जिले के आरईएस विभाग में करोड़ों रुपए की गड़बड़ी का आरोप लगाया। मंत्री के जवाब से वे संतुष्ट नहीं हुए और इस मामले की जांच की मांग पर अड़ गए। विपक्षी भाजपा ने भी इसके चटकारे लेते हुए सदन में हुए इस सवाल-जवाब को सीएम के साथ खींचतान से जोड़ दिया। जिस तरह से मरकाम ने मुखर होकर सदन में अपनी ही सरकार को घेरा, इससे एक बार फिर खींचतान की खबरों को बल मिला। ऐसे में इस बात की सुगबुगाहट है कि प्रदेश कांग्रेस संगठन में बदलाव की संभावना है।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक मुंगेली
जिला - मुंगेली (छ.ग.)

क्रमांक/ जीडीस / सि.स./ 2023/932 — मुंगेली, दिनांक. 11/03/2023

// तृतीय निविदा विज्ञापन प्रकाशनार्थ //

जिला चिकित्सालय एवं मातृ-शिशु चिकित्सालय वाहन पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से सम्पादित किये जाने हेतु 01 वर्ष के अनुबंध के आधार पर तृतीय निविदा आमंत्रित किये जा रहे हैं। वाहन पार्किंग व्यवस्था हेतु नियम/शर्ते प्राप्त करने के लिये कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय मुंगेली छ.ग. में कार्यालयीन समय सुबह 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक निविदा आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है, निविदा आवेदन शुल्क राशि रू. 1000/- जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

निविदा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथी 20.03.2023 समय शाम 05.00 बजे तक
निविदा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथी 27.03.2023 समय अपरान्ह 03.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथी 27.03.2023 समय अपरान्ह 04.00 बजे।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय मुंगेली (छ.ग.)

जी-99260/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एजेंटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

रायफल से हवा में फायर कर सोशल मीडिया में डाली पोस्ट, पुलिस ने कराई परेड

भिलाई/नवप्रदेश। शहर में हर्ष फायरिंग कर दबंगई दिखाने वालों पर दुर्ग पुलिस काफी मेहरबान है। सोशल मीडिया में हर्ष फायरिंग के बाद फोटो वायरल करने वालों की कमी नहीं है। ऐसे मामलों दुर्ग पुलिस ऐसे दंबगों की हवा निकालने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। ताजा मामले में सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें एक युवक हवा में रायफल से फायरिंग कर रहा है और उसका साथी उसका हौसला बढ़ा रहा है। यही नहीं वीडियो में गैंगस्टर भिलाई का टैगलाइन भी है। सोशल मीडिया में वायरल पोस्ट दुर्ग पुलिस के पास भी पहुंचा। फिर क्या था पुलिस ने गैंगस्टर की तलाश शुरू की। जल्द ही फायरिंग करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने युवक पर कार्रवाइ भी और हवालात की हवा भी खिलाई। खुद को गैंगस्टर बताने वाला पुलिस के लपेटे में आने के बाद ऐसा पलटा कि शहर के लोगों से ही अपील करने लगा। उसने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि कभी भी हथियार के साथ सोशल मीडिया में फोटो अपलोड़ न करें और हवा में फायरिंग भी न करे। यह गलत है।

टाइगर रिजर्व में लगी भीषण आग : धू-धू कर जल उठा जंगल, वन्यप्राणी आफत में

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग की लपटों से पूरा जंगल घिरा हुआ है। जगह-जगह आग लगी हुई है, जिसके चलते वन्यप्राणी आफत में है। धू-धू कर जल रहे जंगलों के आग की तपिश मुख्य मार्ग तक महसूस की जा रही है। साथ ही कुल्हाड़ीघाट, तौरेंगा, अरसिकन्हार उदंती अभ्यारण में भी आग लगी है।

चारा के लिए भटक रहे वन्यप्राणी : बता दें कि, जंगल में आग लगने के बाद चारों तरफ छोटे-छोटे पेड़-पौधे और घास आदि जल जाने के कारण एक तरफ जंगली जानवरों को चारा के लिए भटकना पड़ रहा है, तो वहीं वन विभाग को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के अधिकाश जंगल इलाके में आग से छोटे-बड़े पौधे और कीमती सूखी लकड़ी जलकर खाक हो गए हैं। नदी, नाले और तालाब एक माह पहले ही सूख जाने से जंगली जानवरों को प्यास में गांव के आसपास भटकते आसानी से देखे जा रहे हैं।

मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने उतारा मौत के घाट, जंगल में फेंका शव, पर्चे भी मिले

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। मुखबिरी के शक में माओवादियों ने ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। मृतक का नाम रामदेव बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। अमलीपदर थाना क्षेत्र के ग्राम खरीपथरा का है। जानकारी के अनुसार, खरीपथरा के रहने वाले ग्रामीण रामदेव को शनिवार रात तीन वर्दीधारी नक्सली अगवा कर ले गए थे। रविवार जब घर वाले जंगल की ओर ढूंढने निकले तो अमलिपदर थाना से करीब 15 किलोमीटर दूर ओडिशा-नवरंगपुर जिले की सीमा से संटे जंगल में उसका शव पड़ा हुआ मिला। इसके अलावा मौके पर नक्सलियों के फेंके गए पर्चे भी मिले हैं। इसमें उदंती एरिया कमेटी ने मुखबिर होने के कारण मौत की सजा देने का उल्लेख किया है। इस घटना की पुष्टि एसडीओपी अनुज गुप्ता ने की है। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर में बाहरी चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। ऐसा लगता है कि रस्सी से गला घोंटा गया होगा। फिलहाल शव के पोस्टमार्टम के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले में अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। एसडीओपी ने कहा कि ओडिशा-सीमावर्ती इलाकों में नक्सली मूवमेंट है। जिले में लगातार सर्चिंग किया जा रहा है।

दिव्यांग शिविर का हुआ आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ विभाग एवं खाद्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत मोहतरा (क) में खण्ड स्तरीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 82 हितग्राही शामिल हुए थे। जिसमें विभिन्न 21 प्रकार के बहु विकलांगों का अस्थि बाधित, मुक बाधित, मानसिक दिव्यांग सिकलसेल, बौध्दिक्क बांधता श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, दिव्यांगों के पंजीयन परीक्षण पश्चात चिकित्सीय प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड पंजीयन के साथ दिव्यांगजनों का पेंशन पत्रों का निराकरण, नवीन पेंशन प्रकरण स्वीकृति राशन कार्ड संबधित समस्याओं का निराकरण के लिए पंजीयन कर पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हाकन किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 चिकित्सीय प्रमाण पत्र बनाया गया एवं 10 लोगों का यूडीआईडी कार्ड पंजीयन किया गया। इसके साथ ही भरतलाल कर्ष एवं उनकी पत्नि को विवाह प्रोत्साहन राशि जनपद अध्यक्ष सिध्दांत मिश्रा के हाथों से निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन राशि 50 हजार रूपये की चेक वितरण किया गया। साथ ही घनश्याम साव, अलोक त्रिपाटी एवं तिरिथराम को छड़ी वितरण किया गया। शिविर के दौरान उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम सहित स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य विभाग अधिकारी, कर्मचारीं एवं सचिवगण उपस्थित थे।

वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक का निधन

नई दिल्ली/नवप्रदेश। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक का हृदय गति रूक जाने से सुबह निधन हो गया। उनकी आयु 79 वर्ष थी। कल 15 मार्च सुबह 9 बजे से 1 बजे तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास स्थान गुड़गांव में रखा जाएगा। अंतिम संस्कार लोधी क्रेमेटोरियम, नई दिल्ली में बुधवार, शाम 4 बजे होगा। डॉ. वेदप्रताप वैदिक की गणना उन राष्ट्रीय अग्रदूतों में होती है, जिन्होंने हिंदी को मौलिक चिंतन की भाषा बनाया और भारतीय भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलवाने के लिए सतत संघर्ष और त्याग किया। महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया की महान परंपरा को आगे बढ़ानेवाले योद्धाओं में वैदिकजी का नाम अग्रणी है। पत्रकारिता, राजनीतिक चिंतन,

अंतरराष्ट्रीय राजनीति, हिंदी के लिए अपूर्व संघर्ष, विश्व यायावरी, प्रभावशाली वक्तृत्व, संगठन-कौशल आदि अनेक क्षेत्रों में एक साथ मूर्धन्यता प्रदर्शित करने वाले अद्वितीय व्यक्त्तिव के धनी डॉ. वेदप्रताप वैदिक का जन्म 30 दिसंबर 1944 को पौष की पूर्णिमा पर इंदौर में हुआ। वे सदा प्रथम श्रेणी के छात्र रहे। वे रुसी, फारसी, जर्मन और संस्कृत के भी जानकार हैं। उन्होंने अपनी पीएच.डी. के शोधकार्य के दौरान न्यूयार्क की कोलंबिया युनिवर्सिटी, मास्को के 'इंस्तीतूते नरोदोव आजी', लंदन के 'स्कूल ऑफ ओरियंटल एंड एफ्रीकन स्टडीज़' और अफगानिस्तान के काबुल विश्वविद्यालय में अध्ययन और शोध किया। वैदिकजी ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज' से अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। वे भारत के ऐसे पहले विद्वान हैं, जिन्होंने अपना अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शोध-ग्रंथ हिन्दी में लिखा। उनका निष्कासन हुआ। वह राष्ट्रीय मुद्दा बना। 1965-67 में संसद हिल गई। डॉ. राममनोहर लोहिया, मधु लिमये, आचार्य कृपालानी, इंदिरा गांधी, गुरू गोलवलकर, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, चंद्रशेखर, हिरेन मुखर्जी, हेम बरूआ, भागवत झा आजाद, प्रकाशवीर शास्त्री, किशन पटनायक, डॉ. जाकिर हुसैन, रामधारी सिंह दिनकर, डॉ. धर्मवीर भारती, डॉ. हरिवंशराय बच्चन, प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद जैसे लोगों ने वैदिकजी का डटकर समर्थन किया।

गौठानों में नियमित गोबर खरीदी नहीं होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा की है। उन्होंने आयुष्मान एवं जीवन दीप समिति से मिले पैसों से मिले शासकीय अस्पतालों में सुविधाओ का विस्तार करनें के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। साथ ही नशा उन्मूलन एवं तंबाकू नियंत्रण पर जोर देते हुए निर्धारित कानूनों के तहत कार्रवाई करनें कहा है। बैठक में गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में नियमित गोबर खरीदी नही होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी जनपद सीईओ को फटकार लगाई है। इसके साथ ही गांव- गांव में

गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट को बढ़ावा देने तथा गोबर खरीदी का भुगतान रुका हुआ है उसे जल्द से जल्द पूर्ण करनें,जिले के सभी जर्जर स्कूलों की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए है। ताकि बच्चों को भवन के अभाव में असुविधा न हो, गौठनों में विद्युत कनेक्शन साथ ही तुरतुरिया में बिजली कनेक्शन के लिए बिजली विभाग को जल्द करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देश दिए। रीपा के भौतिक प्रगति कार्यों की समीक्षा के साथ ही जिले में अमृत सरोवर की प्रगति का आंकलन किया। इसके लिए सभी एसडीएम एवं सीईओ को अपने-अपने स्तर में बैठक कर क्रियान्वयन के संबंध में योजना बनाने का निर्देश दिए है।

आईटीआई को स्थानीय रोजगार से जोड़ने की तैयारी

उक्त बैठक में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नये रोजगारन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करनें के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये है साथ ही आईटीआई को स्थानीय रोजगार से जोड़ने की तैयारी के सम्बंध में 1हफ्ते में विस्तृत रिपोर्ट देकर तैयारी के निर्देश एसडीएम को दिए है। इसके साथ ही आज मुख्यमंत्री जन चौपाल, कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन, श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, राजीव युवा मितान क्लब, सी-मार्ट एवं अन्य निर्माण कार्यो की जानकारी, गोधन न्याय योजना, गौ मूत्र,वर्मी कंपोस्ट उत्पादन एवं विक्रय, ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज की जाने वाली जानकारी सहित,वन अधिकार पत्रक,जल जीवन मिशन के रनिंग जल कनेक्शन स्थिति की समीक्षा की गई। तहसील स्तर पर विभिन्न विभागीय प्रकरणों का तहसीलदार और एसडीएम जल्द निपटान करे।

पुरानी रंजिश के चलते धारदार हथियार से युवक की हत्या

- **एक गंभीर रूप से घायल, 05 आरोपित बेमेतरा पुलिस के गिरफ्त में**

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी अर्जून यादव पिता कंगला राम यादव उम्र 51 साल साकिन वार्ड नं.- 03 बूढादेव पारा, नवागढ ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 09.03.2023 के रात्रि करीबन 10:45 बजे अपने पुत्र सतानंद यादव को फोन लगाकर पूछा कि कहां हो, अभी तक घर नही पहुंचे हो । तब सतानंद ने बताया कि सरकारी अस्पताल नवागढ में हू मुझे गंभीर चोंट लगी है। सूचना पाकर सरकारी अस्पताल नवागढ पहुंचा तो देखा मेरा लडका सतानंद यादव का वार्ड में इलाज चल रहा था। उसके बांये कमर के पीछे धारदार हथियार से गंभीर चोंट आया है व खून निकल रहा था। अपने पुत्र

सतानंद यादव से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी पूछा तो उसने बताया कि मै और भगउ यादव दोनो रात्रि करीबन 10:00 बजे के आसपास लीसा बिरयानी सेंटर बस स्टैंड नवागढ पहुंचे तब हम लोगो को देखकर प्रमोद सिन्हा एवं उसके साथी गोपाल यादव, गोपी यादव, राजू यादव साकिनान नवागढ पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर अश्लील गाली गलौज करते हुये वाद विवाद करने लगे। पहले राजू यादव, गोपी यादव, गोपाल यादव हाथ मुक्का से मारपीट किये एवं भगउ यादव के गला को हत्या करने की नियत से दबाने लगे। आपसी रंजिश के चलते धारदार हथियार से प्रमोद सिन्हा मुझे एवं भगउ यादव को हत्या करने की नियत से वार कर प्राणघातक चोंट पहुंचाया जिससे मेरे बांये कमर के पीछे गंभीर चोंट आया है और भगउ यादव के बांये सीने में धारदार हथियार से वार करने पर उसे गंभीर चोंट आया, जिससे ईलाज के दौरान नवागढ अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई है। मेरे पुत्र सतानंद यादव को उचित ईलाज हेतु बेमेतरा जिला अस्पताल रिफर किये है कि रिपोर्ट पर थाना नवागढ में अपराध सदर धारा 147, 148, 149, 294, 302, 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये उक्त घटना के संबंध में थाना प्रभारी नवागढ द्वारा वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा आई. कल्याण ऐलिसेला (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की मौके पर पहुचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर थाना प्रभारी नवागढ एवं थाना स्टाफ को आरोपियो के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

ढोल नगाड़ा और फॉग गीत के साथ होली मिलन समारोह संपन्न

खरोरा/नवप्रदेश। धरसीवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा द्वारा आज नगर पंचायत खरोरा और ग्राम पंचायत टेकारी में होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ इस होली मिलन के अवसर में सांस्कृतिक और पारंपरिक गीत और ढोल नगाड़ा के साथ साथ क्षेत्रवासियों ने जमकर आनंद उठाया एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और नाचकर होली खेली।

विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा कहा कि होली मिलन समारोह से समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करता है होली पर्व में हम सभी को आपसी मनमुटाव को पीछे रखकर यहां पर लोगों ने जमकर होली खेली और क्षेत्रवासियों में अच्छा हर्ष और उल्लास का वातावरण मिला इस होली मिलन समारोह से आज सभी क्षेत्रवासियों ने मिलकर होली खेली और एक दूसरे को रंग लगाया।

जहां सम्मान न मिले वहां कभी नहीं जाना चाहिए : पं. शत्रुहन पांडेय

खरोरा/नवप्रदेश। जीवन में चाहे कितनी भी दुख और तकलीफ आ जाए। इंसान को कभी भी हिम्मत नहीं हारना चाहिए। धैर्य और संयम ही व्यक्ति को महान बनाता है। इसलिए हर तकलीफें का धैर्यता के साथ सामना करना चाहिए। क्योंकि धैर्य रखने वालों की ईश्वर भी मदद करता है। उक्त उदगार कथावाचक पंडित शत्रुहन प्रसाद (मनोहरा)वालें की है। ग्राम सोनभट्ठा में समस्त वर्मा परिवार के सहयोग से चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा प्रसंग में कथावाचक ने ब्यास पीठ से कपिल जन्म, सती कथा और ध्रुव चरित्र की कथा विस्तार से बताया तो भक्त भावविभोर हो गए। वहीं चौथें दिन अजामिल कथा, समुद्र मंथन और वामन अवतार की

कथा का रसपान कराया गया। कथा प्रसंग में भगवताचार्य ने कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की। बता दें कि 9मार्च से 18 मार्च तक आयोजित हो रहे भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हो रहा है। कथा के परायणकर्ता पंडित अजीत कुमार पांडेय वालें है।

मनरेगा कार्य स्थल पर पहुँचकर महिलाओं को सुरक्षा की दी जानकारी

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष विनय कुमार कश्यप के निर्देशानुसार एवं तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के अध्यक्ष चन्द्रकुमार कश्यप व सचिव देवाशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर महिलाओं हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। खैरागढ़ के ग्राम कोयलीकछार में डबरी निर्माण कार्य में लगे हुए, मजदूर महिलाओं के बीच पहुंचकर पैरा लीगल वालंटियर ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले विभिन्न अपराधों के संबंध में जागरूक किया।

विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत पैरा-लीगल वालंटियर गोलूदास ने आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में सबसे जघन्य व घृणित अपराध दुष्कर्म है क्योंकि यह अपराध पीड़ित के न केवल शरीर बल्कि उसके अंतर्मन उसकी आत्मा संपूर्ण जीवन को प्रभावित करता है। समाज की आवश्यकता अनुसार समय-समय पर कानून में संशोधन किए जाते है, वर्ष 2012 के बाद से महत्वपूर्ण बदलाव आया है दिल्ली के बहुचर्चित निर्भया केस में एक ओर संपूर्ण देश को झकझोर दिया वहीं दूसरी ओर इसके परिणाम स्वरूप वर्ष 2012 में भारतीय आपराधिक विधि में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए इस संशोधन के पश्चात बलात्कार की परिभाषा बहुत व्यापक रूप दिया गया है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के अनुसार किसी महिला के साथ उसके भी इच्छा के विरुद्ध या सहमति के बिना शारीरिक संबंध बनाए जाने को बलात्कार माना जाता है किसी भी प्रकार से यदि धमकी देकर यदि सहमति ली जाती है और शारिरिक संबंध बनाया गया हो उसे भी बलात्कार माना जाता है। इसी प्रकार शादी का झूठा आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया जाना भी बलात्कार कि श्रेणी में माना जाता है। महिला के शराब के नशे में होने, मानसिक स्थिति ठीक ना होने, 18 वर्ष की कम आयु कि महिला होने की स्थिति में उसकी सहमति या असहमति का कोई विधिक महत्व नहीं है। ऐसी घटनाओं की जानकारी आए दिन मिलती है समाचार पत्रों टीवी चैनलों मीडिया के माध्यम से सुनने को मिलती है।

जिला प्रमुखों को सौंपे प्रमाण पत्र

महासमुंद। सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल सिरपुर पर माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में छत्तीसगढ़ सरकार की 4 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी पर कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर ने आज यहां कलेक्ट्रेट कार्यालय में समय-सीमा की बैठक के बाद जिला प्रमुखों को प्रमाण पत्र सौंपे। सिरपुर महोत्सव में जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, कृषि, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, पीएचई, लोक निर्माण, विधिक सेवा प्राधिकरण आदि द्वारा स्टॉल लगाई गई थी। जिला पंचायत की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

राज्य स्तरीय पैरा योगासन में मेडल विजेता ने कलेक्टर से की मुलाकात

महासमुंद/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय पैरा योगासन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्री तोरण यादव ने कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर से भेंट की। कलेक्टर ने श्री तोरण को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह जिले की सौभाग्य की बात है कि जिले में खिलाड़ी जिले के बाहर भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन कर रहें हैं। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में 11-12 मार्च को आयोजित राज्य स्तरीय पैरा योगासन प्रतियोगिता में श्री तोरण यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सभी जिलो से 100 खिलाड़ियों ने पैरा योगासन में शामिल हुए थे। इससे पहले श्री तोरण यादव ने आयोजित वर्ल्ड भुजंगासन की ऑनलाइन प्रतियोगिता में शामिल होकर लगातार 20 मिनट होल्ड कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। तब वह शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र थे।

जिला रायगढ़ में यह प्रतियोगिता नेशनल योगासन स्पोर्ट फेडरेशन के द्वारा छत्तीसगढ़ के पैरा योगासन खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ पैरा योगासन प्रमोशन कमेटी द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री दुर्गेश वर्मा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पहल | छत्तीसगढ़ के स्कूली शिक्षा में आ रहा बदलाव

स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ व्यवसायिक शिक्षा हेतु बत्तख पालन की हुई शुरूआत

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विगत वर्षो में स्कूली शिक्षा में व्यापक बदलाव आने लगा है। वहीं सरकारी स्कूलों की छबि को और बेहतर तथा इसे असरकारी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अभिभावकों के इच्छानुसार सरकारी स्कूलों में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इसके साथ ही चालू शिक्षा सत्र से बस्ता विहीन स्कूल का प्रयोग भी शुरू हुआ है। इस दिन बिना स्कूल बैग के स्कूल पहुंचे बच्चों को स्थानीय कारीगरों, मजदूरों, व्यवसायियों के काम दिखाने की व्यवस्था है। विभाग द्वारा बच्चों की उपस्थिति पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

सुघ्घर पढ़वईया योजना अंतर्गत महासमुंद जिले के सरायपाली विकासखण्ड के शहरी पांच विद्यालयों प्राथमिक शाला झिलमिला, लक्ष्मीपुर, बोडेसरा, लमकेनी और कसडोल स्कूल का चयन हुआ है। इस योजनांतर्गत चयनित प्राथमिक शाला झिलमिला स्कूल में अभिनव पहल की गई है। इस स्कूल में व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा को बढ़ावा देते हुए बत्तख पालन प्रारम्भ किया गया है। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्री प्रताप नारायण दास ने बताया कि बत्तख पालन बिना किसी आर्थिक सहयोग से शुरू किया गया है। आगे बत्तख पालन की जानकारी

पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को दी जाएगी। ताकि उन्हें शिक्षा ज्ञान के साथ-साथ बच्चों को व्यवसाय से जुड़ने का ज्ञान हो। ताकि विद्यार्थी आत्मनिर्भर बन सके।

स्कूल में बत्तख पालन के लिए हैंड वॉश की पानी को स्टोर करने के लिए बनायी टंकी में बत्तख सुबह 10:00 बजे से 4:00 बजे तक रहेंगे एवं मध्यान्ह भोजन में बचे एवं गिरे हुए खाने को इकट्ठा कर बत्तखों को खिलाया जाएगा। यह कार्य मध्यान्ह भोजन चलाने वाली महालक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह की देख-रेख में होगा। बत्तखों को शाम तथा सरकारी छुट्टी में ये समूह बत्तखों की घर में देखभाल करेंगी। इस स्कूल में डिजिटल क्लासरूम, मुस्कान पुस्कालय, रनिंग वाटर युक्त शौचालय के साथ कई सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों की सीखने और समझने की क्षमता में विकास के लिए छत्तीसगढ़ बालवाड़ी योजना शुरू की गई है। यह योजना आंगनबाड़ियों के पांच से छः वर्षो के बच्चों के लिए है। जिससे बच्चों की सीखने और समझने की क्षमता का विकास खेल-खेल में करवाया जाता है। अब महासमुंद के स्कूलों में खेल गढ़िया कार्यक्रम अंतर्गत छत्तीसगढ़िया खेल के साथ विभिन्न खेल भी खेलाएं जा रहे हैं। इसके अलावा शाला के बाहर के बच्चों या गांव के आसपास के बच्चों को भी जो स्कूल नहीं जा रहे हैं, उन्हें शाला में लाने हेतु भी प्रयास किए जाते हैं। स्कूलों को पहले से और आकर्षक बनाया गया है। उन्हें सुंदर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ताकि बच्चों को अच्छा वातावरण मिले। बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि से आत्मरक्षा संबंधित प्रशिक्षण भी स्कूलों में दिए जा रहे हैं।

न्यूज गैलरी

एएसआई हत्याकांड : जांच-पड़ताल में नहीं मिला सुराग, विस में उठा मामला

कोरबा/नवप्रदेश। बांगो में हुए एएसआई हत्याकांड के मामले की गुत्थी 5वें दिन तक अनसुलझी है। विशेष टीम बांगो में कैंप कर दिन-रात मामले की जांच में जुटी है। जांच में एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है, लेकिन कोई ठोस सुराग अब तक नहीं मिला है। शुरुआती जांच के साथ राडार में आए बाबापारा के संदेहियों समेत अन्य संदेहियों से पूछताछ में भी कोई अहम जानकारी नहीं मिली। साइबर सेल के जुटाए सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल व कॉल डंप से भी कोई सुराग मिलता नजर नहीं आ रहा है। अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस की जांच-पड़ताल जारी है। पुलिस अब तक हत्या की वजह का पता नहीं लगा सकी है। दूसरी ओर मामले को सुलझाने के लिए आईजी बद्री नारायण मीणा ने जांच के लिए स्पेशल टीम भेजी है, वही सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने उक्त हत्याकांड को उठाते हुए ठेका लेकर एएसआई की टारगेट किलिंग का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस अधिकारी अभी कुछ भी जानकारी देने से बच रहे हैं। साथ ही जांच में जुटे पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को पूरी गोपनीयता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। एएसआई हत्याकांड के मामले के अब तक अनसुलझे होने से पुलिस पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। एक ओर जहां प्रदेश स्तर पर मामला उठने लगा है तो स्थानीय स्तर पर भी विपक्ष के नेता मुखर होकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब भाजयुमो के प्रदेश मंत्री व भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यक्रम योजना प्रभारी राजेश यादव ने 7 दिन में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर कटघोरा-अंबिकापुर हाइवे पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

विस अध्यक्ष डॉ. महंत और सीएम बघेल ने तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को विधानसभा में आयोजित 3 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, संसदीय सचिव रश्मि सिंह एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। शिविर में डॉक्टरों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत, मुख्यमंत्री बघेल, स्कूल

शिक्षा मंत्री टेकाम, उद्योग मंत्री लखमा, नेता प्रतिपक्ष चंदेल सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों के रक्तचाप और मधुमेह की जांच की गई। गौरतलब है कि विधानसभा में 14 मार्च से 16 मार्च तक तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, रेडियोडायग्नोसिस, पैथोलॉजी और बायो कैमेस्ट्री की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

घायल मादा भालू ने भी दम तोड़ा, फेंसिंग तार में फंसकर हुई थी, भालू शावक की मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के तमनार वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कर्मागढ़ में होली के दिन प्लांटेशन के फेंसिंग वायर में फंसकर जहां एक भालू शावक की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं मादा भालू को घायल अवस्था में इंदिरा विहार लाया गया था जहां उसने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वन विभाग के द्वारा शनिवार को अंतिम संस्कार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च की सुबह तमनार वन परिक्षेत्र के कर्मागढ़ गांव के ग्रामीणों ने भालु के चिल्लाने की आवाज की आवाज पर जब मौके पर पहुंचे तो वहां दो भालू प्लांटेशन के लिये लगाये गए फेंसिंग तार में बुरी तरह फंसे हुए थे। जिसमें से भालू शावक की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से बुरी तरह घायल मादा भालू को तार से निकालकर उसके उचित उपचार हेतु उसे इंदिरा विहार लाया गया था, जहां मादा भालू के जबड़े और पैर में गंभीर चोट लगने की वजह से शुक्रवार की रात उसकी भी मौत हो गई। वन विभाग की टीम के द्वारा शनिवार की सुबह मृत भालु का अंतिम संस्कार किया गया।

वन्यप्राणियों के लगातार हो रहे अवैध शिकार : कर्मागढ़ गांव के ग्रामीणों ने बताये अनुसार आसपास के क्षेत्र में पिछले लंबे समय से कुछ ग्रामीणों के द्वारा अवैध शिकार के जरिये जंगली सूअर, खरगोश, चीतल आदि वन्यप्राणियों का शिकार किया जाता रहा है।

10 दिन के भीतर 3 वन्यप्राणी की मौत

चारों तरफ पहाड़ों व जंगलों से घिरे रायगढ़ जिले के जंगलों में कई प्रकार के वन्य प्राणी विचरण करते हैं। विगत 4 मार्च को इंदिरा विहार के पीछे रायगढ़ वन परिक्षेत्र में आने वाले संबलपुरी मार्ग में एक अज्ञात वाहन की ठोकर से एक चीतल बुरी तरह घायल हो गया था जिसे राहगिरों की सूचना के बाद विभाग के अधिकारियों के द्वारा इंदिरा विहार लाकर उसका उपचार किया जा रहा है। परंतु उसकी भी मौत हो गई। वहीं अब तमनार वन परिक्षेत्र में 2 भालू की मौत की घटना को मिलाकर 10 दिन के भीतर 3 वन्यप्राणियों की मौत हो चुकी है।

यात्री के उतरते समय बढ़ा दी बस, चक्के में आने से ग्रामीण की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। घर से ससुराल के लिए निकले एक ग्रामीण के बस स्टैंड में उतरते समय चालक ने बस आगे बढ़ा दी, जिससे वह नीचे गिरकर चक्के के नीचे दब गया। घटना में उसकी मौत हो गई। घटना पाली थाना के काचरमार बस स्टैंड के पास शनिवार शाम को हुई, जहां बस में बैठकर भेलवाटिकरा निवासी रामा यादव 28 पहुंचा था। वह अपने गांव से ससुराल काचरमार के लिए निकला था। बस के स्टैंड में रुकते ही वह नीचे उतरने लगा। इस दौरान बिना कंडेक्डर के सूचना के चालक ने बस को आगे बढ़ा दिया। उसके लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से रामा यादव बस से उतरते समय गिर गया। बस के पिछले चक्के के नीचे दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पाली अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

अमिताभ मुखर्जी ने एनएमडीसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया

हैदराबाद/नवप्रदेश। अमिताभ मुखर्जी, निदेशक (वित्त) ने एनएमडीसी लिमिटेड में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। एनएमडीसी लिमिटेड इस्पात मंत्रालय के तहत भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक और एक नवरत्न सीपीएसई है। वे भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1995 बैच के अधिकारी हैं। वे कोस्टत एकाउंटेंट भी हैं और उन्होंने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर से वाणिज्य में मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

निदेशक (वित्त) के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, एनएमडीसी ने रू 25,882 करोड़ रुपये के टर्न ओवर, रू 12,981 करोड़ रुपये के कर पूर्व लाभ (पीबीटी) और वित्तवर्ष 22 मेंरू 9,398 करोड़ रुपये के कर पश्चारत लाभ (पीएटी) के साथ कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अच्छा वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया। उन्होंने ईआरपी (एस 4/हाना) के कार्यान्वयन का नेतृत्व किया है तथा माइन ट्रांसपोर्टेशन एंड सर्विलांस प्रणाली, फ्लीट मैनेजमेंट प्रणाली जैसी अन्य डिजिटलीकरण पहल कर रहे हैं।उ नके नेतृत्व में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड से एनएमडीसी लिमिटेड का डीमर्जर समयबद्ध तरीके से पूरा हुआ और एनएसएल के शेयरों को 20.02.2023 को स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया गया।परियोजना प्रबंधन, डिजिटल पहल और नीति निर्माण उनकी विशेषता है। उन्होंने एनएमडीसी के ऑस्ट्रेलिया प्रचालन को प्री-प्रोडक्शन स्टेज (गोल्ड) तक पहुंचाया है और आयरन ओर माइनिंग टेनेमेंट का मोनेटाइज करते हुए एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय खनन कंपनी हैनकॉक प्रॉस्पेक्टिंग के साथ एक रणनीतिक गठजोड़ को भी अंतिम रूप दिया है। एनएमडीसी में पदभार ग्रहण करने से पूर्व , वे रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) में महाप्रबंधक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे।

19967 -2016 से आईआरएएस में अपनी सेवा के दौरान, उन्होंने पूर्व रेलवे में महत्वपूर्ण पद पर कार्य किया । आईआरएएस में कार्यग्रहण करने से पूर्व, उन्होंने 1994-1997 तक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) में कार्य किए।

पुरस्कार : उन्होंने बड़े विनिर्माण उद्योग श्रेणी में वर्ष 2022 के लिए फ इनेंशियल एक्सप्रेस से एफई सीईओ ऑफद ईयर पुरस्कार प्राप्त किया।

रेंजर को हटाने लामबंद हुए 11 गांव के ग्रामीण

नगरी/नवप्रदेश। वन संघर्ष समिति बेलर बाहरा के बैनर तले दर्जन भर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अरसिकन्हार का घेराव किया। ग्रामीणों का आरोप है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को झूठे आरोप में केस बनाकर फंसा रहे हैं और उन्हें न्यायालीन प्रक्रिया में धकेला जा रहा है और भोले-भाले आदिवासियों को प्रताड़ित किया जा रहा है घुस्साए ग्रामीणों ने बस स्टैंड सांकरा से रैली निकालकर रेंजर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए घेराव किया। फॉरेस्ट गेट के पास घेराव के दरमियान पुलिस और ग्रामीणों में झूमाझपटी भी हुई और ग्रामीण फ रॅस्ट ऑफि स के गेट को तोड़कर अंदर घुसने में सफल हुए।

नोटिस के बाद विश्वास मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निलंबित

कोण्डागांव/नवप्रदेश। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स में कार्यवाही लगातार की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ0 आरके सिंह के मार्गदर्शन में औषधि विभाग द्वारा बड़ेडोंगर में संचालित विश्वास मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण 21 फरवरी को किया गया था। निरीक्षण के दौरान मेडिलक स्टोर संचालन हेतु सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। औषधि निरीक्षक द्वारा बड़ेडोंगर में संचालित विश्वास मेडिकल स्टोर के निरीक्षण में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत् अनियमितताएं पायी गई, फर्म में बिल बुक एवं शेड्यूल रजिस्टर नियमानुसार संधारित नहीं किया गया था।